अमृत विचार

कानपुर, सोमवार, 23 फरवरी 2026



अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# 126 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र, डेमो चेक दिए गए



लाभार्थी को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना का चेक देते प्रभारी जिला जज हरि प्रसाद, डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार। अमृत विचार



मेला में बच्चे का अन्नप्राशन करतीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव स्नेहा।

- शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर
- प्रभारी जिला जज हरी प्रसाद, डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार ने किया शुभारंभ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मेगा/ वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर कैंप लगा। इसमें कई योजनाओं के 126 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, स्वीकृति पत्र, डेमो चेक एवं अन्य लाभ दिए गए। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी जिला जज हरी प्रसाद, डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व एसपी विनोद कुमार ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण कर किया।

रविवार को शिविर में उद्यान, वन विभाग, यूपी कौशल विकास मिशन, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उपायुक्त उद्योग, ग्राम्य विकास अभिकरण, पंचायतीराज विभाग, कृषि विभाग, परिवहन विभाग, बैंक/ एलडीएम, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जल जीवन मिशन एवं महिला कल्याण विभाग ने 05-05 लाभार्थियों को संबंधित योजनाओं से लाभान्वित किया। श्रम विभाग, समाज कल्याण व खाद्य एवं रसद विभाग ने 10-10 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिए। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 06 लाभार्थियों को लैपटॉप/ स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। राज्य आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने के लिए 07 करोड़ 45 लाख 50 हजार रुपये रिवॉल्विंग फंड एवं सामुदायिक निवेश निधि का डेमो चेक 05 समूह प्रतिनिधियों को दिया गया। इसके अतिरिक्त मत्स्य विभाग एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने 05-05 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया। चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग ने 05 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड तथा क्षय नियंत्रण कार्यक्रम में 05 लाभार्थियों को पोषण पोटली वितरित की। इस अवसर पर एलईडी से विधिक सहायता एवं "न्याय सबके लिए" विषय पर जागरुकता वीडियो दिखाया गया। मेला में आए अधिकारियों व अतिथियों ने विभिन्न विभागीय स्टॉलों का अवलोकन कर सराहना की।

### प्रत्येक नागरिक को गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार

- प्रभारी जिला जज ने कहा कि इस प्रकार के शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने मौलिक अधिकार पर कहा कि प्रत्येक नागरिक को गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार मिलता है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस कार्यक्रम में 36 विभागों ने स्टॉल लगाकर आमजन को योजनाओं की जानकारी दी है। शासन की मंशा है कि प्रत्येक नागरिक को योजनाओं, नियमों एवं कानूनों की समुचित जानकारी हो। उन्होंने भारत के संविधान के चार प्रमुख स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं स्वतंत्र मीडिया का उल्लेख करते हुए कहा कि ये लोकतांत्रिक व्यवस्था की सुदृढ़ नींव हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्नेहा ने भी कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। मेला समापन पर अपर जिला जज/ विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट हरेंद्रनाथ ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर एडीएम न्यायिक विजय मिश्र, सीडीओ रामकृपाल चौधरी, पीडी रामऔतार सिंह, बीएसए संदीप कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेश वर्मा, शासकीय अधिवक्ता सौमित्र मिश्र, विनय मिश्र व बसंत उपस्थित रहे।

## बकाये में कुर्क की गई भूमि पर दबंग ने कर लिया कब्जा

**कन्नौज।** बकाये में कुर्क की गई भूमि पर दबंग ने जबरन कब्जा कर लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत डीएम से की है।

तिर्वा तहसील क्षेत्र के गांव जटियापुर मौजा अहेर निवासी बृजपाल सिंह पुत्र गेंदनलाल ने जिलाधिकारी को तहसील दिवस में दिये शिकायती पत्र में कहा कि उसकी सिमरिया मौजा में गाटा संख्या 30 ख में करीव 30 बीघा उपजाऊ भूमि है। यह भूमि बैंक ऑफ बड़ोदा शाखा मकनपुर में 3,20,056 रुपये में बंधक थी। बकाया जमा न करने पर इस भूमि को उप जिलाधिकारी तिर्वा ने 21 मई 2005 को कुर्क कर दिया था। कुर्क की गई उक्त भूमि पर राम सनेही पुत्र भिखारी निवासी बिहारीपुर मौजा सिमरिया ने अवैध कब्जा कर लिया है। वह इस कृषि कार्य कर फसल उगा रहा है। इससे भू राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। कुर्क की गई भूमि पर कृषि कार्य न्यायाहित में गलत है।

## न्यूज ब्रीफ

### आईकैंप में 56 मरीजों को लैंस प्रत्यारोपण के लिए भेजा

**तिर्वा।** रविवार को बेला रोड पर शंकरा आई हॉस्पिटल कानपुर के सौजन्य से सेंट जेवियर्स स्कूल में विशाल आई कैंप का आयोजन किया गया। तहसीलदार अवनीश कुमार ने कैंप का फीता काट कर शुभारंभ किया। कैंप में 163 मरीजों के नेत्रों का परीक्षण किया गया जिनमें से 56 मरीजों का चयन कर निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण के लिए कानपुर भेजा गया। स्कूल के प्रबंधक सुनील सिंह ने तहसीलदार का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। इस अवसर पर समाज सेवी अंशुल गुप्ता, संजय सिंह, मदीप, योगेश कुमार सिंह, सलिल, अतुल पांडे भी मौजूद रहे। अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिंह ने चयनित मरीजों की बस को झंडी दिखाकर रवाना किया।

### मार्ग दुर्घटना में किसान की मौत की रिपोर्ट दर्ज पुलिस कर रही जांच

**गुरसहायगंज।** मार्ग दुर्घटना में किसान की मौत में मृतक की पत्नी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम रजलामऊ निवासी पुष्पा देवी पत्नी सुशील कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 11 फरवरी की शाम लगभग 07 बजे उसका पति सुशील कुमार घर लौट रहा था। तभी मामा होटल के सामने कानपुर से दिल्ली की ओर जा रही कार के चालक ने टक्कर मार दी। घटना में पति की मौत हो गई। कार चालक मौके से फरार हो गया था।

### खेत पर कब्जे को लेकर विवाद, दो भाई हुए घायल

**गुरसहायगंज।** खेत पर कब्जे को लेकर विवाद हो गया। जिसमें गांव के चार लोगों ने गाली गलौज की और भाईयों को मारपीट कर घायल कर दिया। ग्राम कटकैया निवासी लेजम सिंह पुत्र ब्रजराज सिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 26 दिसंबर 2025 की दोपहर लगभग 02 .30 बजे खेत पर कब्जे के विवाद को लेकर उसके गांव के सतेन्द्र, आमोद, अंशुल, आत्माराम ने उसके साथ गालीगलौज की। मना करने पर उसे व बीच बचाव में उसके भाई घारम सिंह को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी है।।

# सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत, चार की हालत गंभीर

## बहन-बहनोई और भांजी को लेकर जा रहे युवक की बाइक में पिकअप ने मारी टक्कर

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज



अस्पताल में घायलों का इलाज करते स्वास्थ्य कर्मी। अमृत विचार

- बहावलपुर के पास एक तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से गई छात्र की जान

**अमृत विचार।** विशुनगढ़ थाना और छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र में हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में युवक समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि महिला व बच्ची सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार जनपद फर्रुखाबाद थाना जहानगंज के ग्राम नगला रघोल निवासी 30 वर्षीय नीरज पुत्र हरिश्चंद्र खेती किसानी का कार्य करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। रविवार को चचेरी बहन उमा, उसके पति कुलदीप और 2 वर्षीय पुत्री रागिनी के साथ बाइक से रामनगर तरिया निवासी मामा सत्यभान के घर जा रहा था। इस दौरान विशुनगढ़ के ग्राम रायपुर मोड़ पर सामने से आ रही पिकअप ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में सभी चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया, यहां चिकित्सक ने नीरज को मृत घोषित कर दिया। जबकि उमा और कुलदीप की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद बच्ची सहित तीनों घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया है। घटना की जानकारी होते ही मृतक नीरज की पत्नी माधुरी जोशी, बेटी (किट्टू) और बेटा आर्यस का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है।

दूसरी दुर्घटना में मोहल्ला भैनपुरा निवासी गौरव शाक्य (20) पुत्र राजकुमार, अपने मित्र रुद्र (22) पुत्र अशोक कुमार (निवासी ग्राम दलसिंहपुर कसावा) को बाइक से उसके गांव छोड़ने जा रहा था। रुद्र विद्या प्रकाश महाविद्यालय में बीएससी द्वितीय वर्ष का छात्र था। जैसे ही दोनों छात्र तालग्राम रोड पर ग्राम बहावलपुर के पास पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से दोनों को तत्काल दिलू नगला स्थित सौ शैय्या अस्पताल भिजवाया गया। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद रुद्र को मृत घोषित कर दिया, जबकि गौरव की हालत अभी भी चिंताजनक है। हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची छिबरामऊ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने दुर्घटना करने वाले ट्रक को पकड़ लिया है, हालांकि चालक मौके से फरार हो गया।

### बाइक सवार जीजा साले दुर्घटना में घायल

- **सौरिख, कन्नौज।** रिश्तेदारी में आए जीजा-साले की बाइक मं अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। जनपद औरैया के थाना बिधूना के गांव सोनपुर निवासी जयदेव पुत्र भूर सिंह (35) शनिवार को अपनी रिश्तेदारी जनपद कन्नौज के थाना सौरिख के गांव सरवाई निवासी अपनी ससुराल राजकुमार के यहां आए थे। शाम 4 बजे बाइक से अपने साले विश्वनाथ पुत्र राजकुमार (45) के साथ बाजार से वापस जा रहे थे। तभी सकरावा रोड पेट्रोल पंप के पास किसी बाहन ने टक्कर मार दी जिससे जीजा साले गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## वाहन ने बाइक में मारी टक्कर, युवती घायल

**कन्नौज।** पीएसएम कालेज में विधिक साक्षरता शिविर में आई युवती को वाहन ने टक्कर मारदी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गई। लोगों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



जिला अस्पताल में भर्ती घायल अंजली।

रविवार को सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव ददौरा खुर्द निवासी अंजली अपने परिजन के साथ बाइक पर बैठ कर पीएसएम कालेज में हुए कार्यक्रम में होने आई थी। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद 2:30 बजे के करीव बाइक पर बैठ कर हाइवे से अपने घर जा रही थी। जैसी ही बाइक जिला अस्पताल के पीछे हाइबे पर पहुंची उसी समय तेज रफ्तार वाहन ने जोर से टक्कर मारदी। इससे वह बाइक समेत गिर गई। उसके सिर व शरीर में गंभीर चोट आई। दुर्घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। घायल युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी पर परिजन जिला अस्पताल पहुंचे हैं। चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की है। उदुर्घटना की जांच की जा रही है। संबंधित वाहन की तलाश की जा रही है।

# इंजीनियरिंग कॉलेज का शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- ड्रोन (यू ए वी) नेविगेशन एवं सुरक्षित स्वायत्त मार्ग नियोजन विषय पर है शोध

**अमृत विचार।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर डॉ. अभिषेक बाजपेयी तथा बी.टेक तृतीय वर्ष के छात्र आनित्य सिंह का संयुक्त शोध कार्य प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रिका वेले में प्रकाशित हुआ है। यह शोध "ड्रोन (यू ए वी) नेविगेशन एवं सुरक्षित स्वायत्त मार्ग नियोजन" विषय पर आधारित है।

शोध में ऐसी उन्नत तकनीक विकसित की गई है, जिसके माध्यम से ड्रोन जटिल, भीड़भाड़ वाले और जोखिमपूर्ण क्षेत्रों में भी सुरक्षित व सटीक तरीके से संचालित हो सकते हैं। डॉ. बाजपेयी ने बताया कि यह तकनीक कम संसाधनों वाले ड्रोन प्लेटफॉर्म पर भी सफलतापूर्वक लागू की जा सकती है, जिससे कम लागत में विश्वसनीय ड्रोन प्रणाली विकसित करना संभव होगा। इससे स्मार्ट सिटी, ग्रामीण विकास और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों को तकनीकी मजबूती मिलेगी।

विशेष बात यह है कि इस शोध में बी.टेक तृतीय वर्ष के छात्र की सक्रिय भागीदारी रही, जो संस्थान में शोध और नवाचार की सुदृढ़ संस्कृति को दर्शाता है। महाविद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि पर शोध दल को बधाई दी है।

## विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**सौरिख।** शादी के दस महीने बाद अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया।

थाना क्षेत्र के सलेमपुर निवासिनी पूजा देवी पुत्री गोविंद दुबे ने रविवार को थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी 29 अप्रैल 2025 को जनपद हरदोई के कस्बा अशपुर निवासी शिवम दीक्षित पुत्र बलराम दीक्षित के साथ हुई थी। इसमें पिता ने जेवर सहित घर का सारा सामान एवं 3 लाख रुपये नगद दिए थे। शादी के बाद से ही ससुरालीजन मिले दहेज से संतुष्ट नहीं थे और एक अपाचे बाइक की मांग करने लगे। परिजनों ने देने में असमर्थता जताई तो कुछ समय बाद अतिरिक्त दहेज की मांग कर उसका उत्पीड़न करने लगे। पिता ब रिश्तेदारों द्वारा काफी समझाने के बाद भी ससुरालिजन नहीं माने और मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# ग्रामीणों को मंत्री से मिला भरोसा

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज



जनता की समस्या सुनते राज्यमंत्री असीम अरुण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** समाज कल्याण राज्यमंत्री व सदर विधायक असीम अरुण ने पैतृक गांव खैरनगर में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं। कुछ को निदान तो कुछ को इसका भरोसा मिला।

रविवार को प्रदेश सरकार में समाज कल्याण राज्य मंत्री ने अपने पैतृक गांव खैरनगर स्थित स्कूल में खुली चौपाल लगाई। इसमें काफी संख्या में ग्रामीण समस्याएं लेकर पहुंचे। जमीन के कब्जा, प्रधान मंत्री आवास तथा शौचालयों के निर्माण संबंधी मांग की गईं। मंत्री ने सभी शिकायतों पर प्रभावी कार्यवाही का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया, उप जिलाधिकारी राजेश कुमार, संबंधित राजस्व कर्मी तथा ठठिया तिर्वा के पुलिस प्रभारी मौजूद रहे। इसे पूर्व प्रधान मंत्री की मन की बात का सीधा प्रसारण सामूहिक रूप से देखा गया।

## चलाया गंगा सफाई अभियान

**कन्नौज।** संत निरंकारी सेवादल ने मेहंदी घाट पर पहुंच कर तट की सफाई की।

निरंकारी सेवादल के कार्यकर्ताओं ने महादेवी वर्मा व मेहंदी घाट पर पहुंच कर सफाई अभियान चलाया। हाथों में झाड़ू और फावड़ा लेकर सफाई अभियान का शुभारम्भ किया। सदस्यों संग भक्तों ने मेंहदी घाट की साफ-सफाई की। सभी घाटों के लिए अलग-अलग इंचार्ज बनाए गए। उन्होंने गंगा तट पर कूडे को एकत्र कर गड्ढे में डाल कर फेका। इस के बाद उसके ऊपर मिट्टी डाल दी। सेवा दल ने निराकार प्रार्थना और सुमिरन किया।

# घर व मोबाइल की दुकान से लाखों का माल किया पार

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज



चोरी के बाद खुली पड़ी अलमारी व बिखरा सामान। अमृत विचार

- ठठिया और इंदरगढ़ थाना क्षेत्रों में हुईं चोरियां, पीड़ितों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** ठठिया और इंदरगढ़ थाना क्षेत्रों में चोरों ने दिनदहाड़े घर के अलावा मोबाइल की दुकान में भी चोरी की। दुकान से लाखों का माल पार कर दिया जबकि घर में रखी नकदी व लाखों के जेवर भी ले गए। कुल 12 लाख की चोरी की बात पीड़ितों ने कही है। दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

ठठिया थाना क्षेत्र के पहाड़ी पुर गांव निवासी राजेंद्र कुमार ने बताया कि गांव में दो घर है। परिवार के कुछ सदस्य गांव में बने पुराने मकान में रहते हैं। शनिवार दोपहर को बेटी घर पर ताला लगाकर नए वाले मकान में चली आई। देर शाम घर पर पहुंची तो ताला टूटा पड़ा था। वह मौके पर पहुंचे तो कमरे में रखी अलमारी से करीब पांच लाख रुपये के जेवर व तीन लाख रुपये चोरी हो चुके थे। कहा कि पिछले सप्ताह ही गांव निवासी एक व्यक्ति को रुपये देने के लिए दो भैंस, बकरी व पड़वा की बिक्री कर पैसे इकट्ठे किए थे। इसके साथ ही साल के अंत में बेटी की शादी करने की तैयारी चल रही थी जिसके लिए जेवरात की खरीदारी शुरू कर दी थी। थानाध्यक्ष देवेश पाल ने बताया कि पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आसपास सीसीटीवी फुटजों को खांगला जा रहा है जल्द ही घटना का खुलासा करेंगे।

इसी तरह से इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के विसनेपुर्वा गांव निवासी देवेन्द्र राजपूत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कस्बा के गढ़ी के पास मोबाइल रिपेयरिंग की दुकान है। रविवार सुबह जब दुकान खोलने आया तो शटर का ताला टूटा पड़ा था। दुकान खोलकर देखी तो कई महंगे मोबाइल फोन, इनवर्टर, बैटरी व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अज्ञात चोर चोरी कर लें गए थे। कहा कि करीब चार लाख रुपये का नुकसान हुआ है।।घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के दुकानदारों की भीड़ जुट गई और क्षेत्र में हड़कंप मच गया।थानाध्यक्ष नीलम सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्जकर जांच शुरू कर दी गई है।

**राहत** | दूसरे चरण की ऑनलाइन प्रक्रिया 21 फरवरी से 07 मार्च तक चलेगी

# निजी स्कूलों में नि :शुल्क प्रवेश को फिर आवेदन शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज





- आरटीई में पहले चरण में नहीं मिला विद्यालय तो भी मिलेगा आवेदन करने का मौका

**अमृत विचार।** निजी स्कूलों में 25 फीसदी सीटें गरीब बच्चों के लिए आरक्षित होती हैं। उनको निशुल्क प्रवेश व पढ़ाई का लाभ दिया जाता है। निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के तहत यह सुविधा दुर्बल व अलाभित वर्ग को मिलती है। इसके लिए दूसरे चरण के ऑनलाइन आवेदन 21 फरवरी से शुरू हो गए हैं जो 07 मार्च तक होंगे। जिन बच्चों को पहले चरण में स्कूल नहीं मिल सके उनको भी फिर से आवेदन करने का मौका मिल गया है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि आरटीई के तहत निजी/ कॉन्वेंट विद्यालयों में 25 फीसदी सीटों पर अलाभित व दुर्बल वर्ग के बच्चों को फ्री पढ़ाई के लिए दूसरे चरण के आवेदन ऑनलाइन चल रहे हैं। जरूरतमंद व पात्र निर्धारित प्रपत्र बनवाकर आवेदन कर सकते हैं। 09 मार्च को लॉटरी निकाली जाएगी। जो बच्चे पात्र मिलेंगे उनको 11 मार्च तक स्कूलों का आवंटन आदेश जारी कर दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव की ओर से जारी शासनादेश में यह सुविधा नर्सरी से कक्षा आठ तक दी जाती है। शैक्षिक सत्र 2026-27 में पहले चरण के आवेदन 02 से 16 फरवरी तक हुए।

अंतिम व तीसरा चरण 12 से 25 मार्च तक चलेगा। इच्छुक पात्र व्यक्ति www.rte25.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीएसए ने बताया कि सभी जरूरतमंदों को निजी विद्यालयों में प्रवेश दिलाया जाएगा।

### 109 बच्चों को मिल सके स्कूल

- **कन्नौज।** आरटीई के पहले चरण में कुल 495 आवेदन हुए थे जिसमें 431 स्वीकृत हुए। कई कमियों के चलते 64 आवेदन अस्वीकृत कर दिए गए। बीएसए के मुताबिक 322 बच्चों को स्कूल का आवंटन कर दिया गया है। एक स्कूल भरने या सीटों के अभाव में 109 बच्चों को विद्यालयों का आवंटन नहीं हो सका।

## एनएसएस शिविर में डिजिटल साक्षरता और ग्रामीण सर्वेक्षण पर जोर

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेहरू कॉलेज, छिबरामऊ के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ डॉ. आशीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में लक्ष्यगीत और योगाभ्यास के साथ हुआ।

मुख्य वक्ता डॉ. धर्मवीर सिंह ने विद्यार्थियों को इंटरनेट के सही उपयोग, एआई चैट जीपीटी और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि सूचना क्रांति के इस युग में डिजिटल साक्षरता ही सशक्तिकरण का मार्ग है। डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने ऑनलाइन लाइब्रेरी और इंटरनेट के माध्यम से कौशल विकास पर जोर दिया।

# बिल राहत योजना का लाभ न लेने वालों की कटेगी बिजली

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- विभाग बकायेदारों की सूची तैयार करने में जुटा

**अमृत विचार।** बिजली बिल राहत योजना के तहत लाभ न पाने वालों बकायेदार उपभोक्ताओं पर विभाग की गाज गिरेगी। योजना समाप्त होने के बाद बकायेदारों के कनेक्शन काटे जाएंगे।

दिसंबर 2025 से शुरू की गई बिजली बिल राहत योजना के तहत विभाग अधिक से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं को लाभ देने का प्रयास कर रहा है। इसके बाद भी तमाम बकायेदार योजना का लाभ नहीं ले रहे हैं। इसी को देखते हुए विभाग के अधिकारी अब इन बकायेदार उपभोक्ताओं पर कार्रवाई की योजना बना रहा है। पहले तो विभाग का प्रयास होगा कि तीसरे और अंतिम चरण में जो बकायेदार वंचित रह गये हैं उनको सूचित करें कि वह अंतिम चरण के बचे दिनों में रजिस्ट्रेशन करा कर छूट का लाभ लेलें। इसके बाद भी जो बकायेदार उपभोक्ता वंचित रह जायेंगे उनके खिलाफ विभागीय अधिकारी कार्रवाई करेंगे। इसको लेकर विभाग बकायेदारों की सूची तैयार करने लगा है। सूची में 10 हजार रुपये से अधिक के बकायेदारों को शामिल किया है। इन सभी को पहले बिल जमा करने का नोटिस दिया जायेगा। इसके बाद भी यदि बकाया जमा नहीं किया जाता है तो विभाग की टीम गांव में पहुंच कर इनके कनेक्शन काट देगी। यही नहीं कनेक्शन कटने के बाद इन पर नजर रखी जायेगी कि कहीं संबंधित कटे कनेक्शन की केबिल जोड़ कर बिजली चोरी तो नहीं कर रहा। यदि बिल जमा किए बिना कनेक्शन जुड़ा मिलता है तो संबंधित पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया जायेगा। इस संबंध में अधिशाषी अभियंता विद्युत मगन सिंह ने बताया कि योजना का लाभ लेने के लिये कुछ दिन शेष हैं। इस के बाद अभियान चलाया जायेगा।

अमृत विचार

कानपुर, सोमवार,23 फरवरी 2026

कन्नौज-फर्रुखाबाद

## न्यूज ब्रीफ

### वजीफा के लिए संशोधित समय सारिणी जारी

**कन्नौज।** जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024- 25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत (कक्षा 11 व 12 को छोड़कर) अन्य कक्षाओं के सभी वर्गों के लिए संशोधित समय- सारिणी जारी हो गई है। 21 से 27 फरवरी तक विश्वविद्यालय व एफिलिएटिंग एजेंसी की ओर वास्तविक छात्रों का सत्यापन होगा। साथ ही अपात्र विद्यार्थियों, पाठयक्रम व संस्था को ब्लॉक करने का समय है। जनपदीय समिति की ओर से डॉटा 21 फरवरी से 01 मार्च तक लॉक किया जाएगा। 11 मार्च तक बजट की मांग सृजन होगी। छात्र-छात्राओं के खातों में पीएफएमएस के जरिए धनराशि अंतरण 16 मार्च तक होगा।

### दो लोगों को मारपीट कर किया घायल रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज।** मोहल्ले के चार लोगों ने साथ में काम न करने की बात को लेकर गाली गलौज की और दो लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। समधन के मोहल्ला गोरी नवादा निवासी विपिन कुमार पुत्र ग्रीश चन्द्र ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 19 फरवरी की सुबह लगभग 08 :30 बजे वह अपने परिवार के कुंदन के साथ राजगीरी करने जा रहा था। तभी पड़ोसी शोएब, आजम, रानू व सोहेल ने उस पर साथ में काम करने का दबाव बनाया। मना करने पर उसके साथ गाली गलौज की। घर में घुस कर उसे व बीच बचाव में आए उसके साथी कुंदन को मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अनियंत्रित आटो खड़े ट्रैक्टर से टकराया छह लोग घायल

**सौरिख, कन्नौज।** अनियंत्रित आटो सरिया लदे ट्रैक्टर से टकरा गया। इससे आटो पर सवार छह लोग घायल हो गये। सभी घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से महिला को रेफर कर दिया गया। तालग्राम थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर निवासी लखनगुप्ता के पिता का रविवार को निधन हो गया। इस पर वह अपना आटो लेकर मैनपुरी जनपद गया धथा।जहां से पत्नी उपासना, बहन आरती व पुत्र लल्ला, गौरव व भांजी अनुष्का को आटो में बैठा कर घर लौट रहा था। जैसे ही ओटो सौरिख-नादेमऊ मार्ग पर पहुंचा उसी रोड किनारे खड़े सरिया लदे ट्रैक्टर से आटो टकरा गया। इससे सभी लोग घायल हो गये। सभी को सौरिख पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर आरती को रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांचकर रही है।

### बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया सम्मान

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के पश्चिमी बाईपास पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू शक्ति सेना (गौ रक्षा प्रकल्प) के राष्ट्रीय संयोजक ने बार एसोसिएशन छिबरामऊ के नए पदाधिकारियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया। इसमें अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव दुबे, उपाध्यक्ष विनीत त्रिपाठी और प्रशासनिक सदस्य ललित दुबे का माल्यार्पण व अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया। इस दौरान आलोक दुबे, अनुज चतुर्वेदी और सचिन पांडेय सहित कई अधिवक्ता व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### किराए के बंद मकान में ब्रेड विक्रेता का शव मिला

**छिबरामऊ।** नगर के मुख्य बाजार स्थित देबू मार्केट के पप्पू ड्रेस वाली गली में एक किराए के मकान से 50 वर्षीय ब्रेड विक्रेता संजीव कुमार गुप्ता उर्फ पिंकू का शव बरामद हुआ है। रविवार शाम जब मकान मालिक राहुल गुप्ता किराया लेने पहुंचे, तो कमरे से दुर्गंध आने पर पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक विष्णुकांत तिवारी और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर ताला खुलवाया। अंदर संजीव का शव मिला। परिजनों के अनुसार, संजीव पिछले 5-6 वर्षों से यहां अकेले रह रहे थे और अत्यधिक शराब पीने के आदी थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत का सटीक समय और कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही सारी जानकारियां हो सकेंगी।

# कमिश्नर साहब, कन्नौज आएं तो तहसील का आवास परिसर जरूर देखें

## चौपहिया वाहन के गैरेज के आसपास भरपूर गंदगी, सफाई की लगी उम्मीद


कचहरी वाले रास्ते के निकट गंदगी।


गैरेज के पास पड़ा कूड़ा- कचरा।


जिला पूर्ति कार्यालय के पास गंदगी।


एनआईसी के पुराने भवन का टूटा प्लास्टर।

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कानपुर मंडल के कमिश्नर 13 मार्च को जिले में होंगे। वह कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण करेंगे।

सदर तहसील परिसर के आवासों के निकट अब भी गंदगी भरपूर है। लोगों का कहना है कि शायद मंडलायुक्त के कदम सरकारी आवासों के निकट पड़ जाएं तो परिसर स्वच्छ हो जाए। तहसील सदर परिसर में जिस भवन में जिला पूर्ति कार्यालय संचालित है उसकी दीवारों से प्लास्टर उखड़ रहा है। जल निकासी की दिक्कत होने के चलते पानी भी गलियों में फैलता है। कर्मियों के आवासों के पास गंदगी खूब है। जिला कचहरी जाने वाले मार्ग से तहसील परिसर में प्रवेश करने के लिए भी रास्ता है यहां भी गंदगी व घास है। इस ओर किसी का ध्यान नहीं है। चर्चा है कि अधिकारी दूसरे कार्यालयों का निरीक्षण कर स्वच्छता का राग अलापते हैं लेकिन अपना परिसर ही साफ-सुथरा नहीं रख पाते हैं। बताया जा रहा है कि पहले 28 फरवरी को सदर विकास खंड कन्नौज व उमर्दा का निरीक्षण कानपुर के अपर आयुक्त करेंगे। उसके बाद 13 मार्च को मंडलायुक्त कलेक्ट्रेट का निरीक्षण करेंगे इनका कार्यक्रम भी आ चुका है। अपर आयुक्त के आगमन से पहले सीडीओ राम कृपाल चौधरी 13 फरवरी को उमर्दा का निरीक्षण कर चुके हैं जबकि 27 को कन्नौज विकास खंड का निरीक्षण होगा। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री भी सदर तहसील के अलावा दो बार कलेक्ट्रेट परिसर व कार्यालयों का निरीक्षण कर स्वच्छता पर जोर दे रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि अपर मुख्य सचिव ने भी निरीक्षण आख्या मांगी है। दूसरी ओर जिले की तीनों तहसीलों के रंगरोगन आदि के लिए 04- 04 लाख रुपये का बजट भी शासन से मिल गया है। पूर्व में समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण ने भी तहसील का निरीक्षण कर साफ- सफाई रखने के निर्देश दिए थे।


मनोनयन पत्र के साथ मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

# सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष बने अनिल कुमार

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** सफाई कर्मचारियों की बैठक के बाद जिला व नगर शाखा का गठन किया गया। इसमें प्रदेश महामंत्री ने अनिल कुमार को जिला अध्यक्ष मनोनीत कर जिम्मेदार सौंपी गई।

रविवार को नगर के मोहल्ला आजाद नगर में सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश की बैठक में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही जनपद व नगर की शाखा का गठन किया गया। संगठन के प्रदेश महामंत्री अशोक बाल्मीकि ने अनिल कुमार को जिलाध्यक्ष व नरेश वाल्मीकि को समधन का अध्यक्ष मनोनीत किया। गुरसहायगंज की शाखा का भी गठन किया गया।

इसमें गणेश कुमार को नगर अध्यक्ष व अशोक कुमार को नगर महामंत्री मनोनीत किया गया। इस दौरान मौजूद सफाई कर्मियों ने मनोनीत पदाधिकारी को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

# मंदिर में चोरों का धावा, 21 किलो के तीन घंटे चोरी

**कायमगंज।** शनिवार को चोरों ने 'भगवान के घर' को ही निशाना बना डाला। कोतवाली क्षेत्र के अताईपुर जदीद गांव में स्थित मां दुर्गा मंदिर मठिया से अज्ञात चोरों ने शनिवार रात 21 किलोग्राम के तीन घंटे चोरी कर लिए। इस घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

चोरों ने मंदिर परिसर में लगे पीपल के पेड़ से लगभग 11 किलोग्राम वजनी एक बड़ा घंटा चुराया। इसके अतिरिक्त, मंदिर के अंदर स्थापित 5-5 किलोग्राम के दो अन्य घंटे भी चोरी हो गए। कुल मिलाकर, लगभग 21 किलोग्राम पीतल के घंटे गायब हुए हैं, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। रविवार सुबह लगभग पांच बजे मंदिर के पुजारी महिमा चंद्र जब पूजा के लिए पहुंचे, तब उन्हें चोरी का पता चला। यह खबर तेजी से पूरे गांव में फैल गई, जिसके बाद मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। घटना की सूचना तत्काल 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पिकअप की टक्कर से युवक की मौत, तीन लोग घायल

संवाददाता फर्रुखाबाद

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है

**अमृत विचार।** जहानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव नगला रघोल में उस वक्त मातम पसर गया जब सड़क दुर्घटना में एक युवक की रविवार शाम मौत हो गई, जबकि एक दंपती और उनकी मासूम बेटी सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जहानगंज थाना क्षेत्र के नगला रघोल निवासी कुलदीप (25) अपनी पत्नी उमा (22), दो वर्षीय बेटी रागिनी और चचेरे भाई नीरज (30) के साथ बाइक से तरिया रामनगर स्थित अपने मामा सत्यभान के घर जा रहे थे। उनकी बाइक जैसे ही रैयपुरा विशुनगढ़ मोड़ के पास पहुंची, सामने से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और घायलों को एंबुलेंस की मदद से लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने नीरज (30) को मृत घोषित कर दिया।

कुलदीप, उमा और मासूम रागिनी की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद कन्नौज के तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। दंपती की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पिकअप वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# प्रजापति सेवा समिति के अध्यक्ष बने विजय प्रजापति

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** नगर के तिर्वा रोड स्थित चकोर कारखाने में प्रजापति सेवा समिति ट्रस्ट कन्नौज की बैठक का आयोजन रविवार को किया गया। इसमें ट्रस्ट के संरक्षक पूर्व चेयरमैन प्रजापति धीरेन्द्र आर्य, मुख्यप्रबंधक सतीश चन्द्र प्रजापति एवं ट्रस्ट के प्रबंधक जीतू प्रजापति की उपस्थिति में सर्वसम्मति से विजय प्रजापति को अध्यक्ष चुना गया।

साथ ही ट्रस्ट की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से डा. मानसिंह प्रजापति, डा. मनोज प्रजापति, सोवरन प्रजापति को उपाध्यक्ष, सुमित प्रजापति को महासचिव, संतोष प्रजापति को कोषाध्यक्ष, अमित प्रजापति को सहकोषाध्यक्ष,


अध्यक्ष विजय प्रजापति का स्वागत करते समिति के पदाधिकारी।

- चकोर कारखाने में प्रजापति सेवा समिति ट्रस्ट की बैठक
- ट्रस्ट की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया

राजकिशोर प्रजापति, अनिल प्रजापति को सचिव, डा. विवेक प्रजापति को मिडिया प्रभारी, संदीप प्रजापति को आईटी सेल प्रभारी, प्रदीप प्रजापति को चुनाव समिति अध्यक्ष, कन्हैयालाल प्रजापति को उपाध्यक्ष, कुलदीप प्रजापति (जेई), संजीप प्रजापति (अध्यापक) व विनोद प्रजापति को को आडिटर ट्रस्टी चुना गया।

# 'केंद्र सरकार का अब तक का सबसे बड़ा बजट'

**कन्नौज।** भाजपा जिला कार्यालय पर केंद्रीय बजट सत्र 2026- 27 को लेकर कन्नौज विधानसभा क्षेत्र की संगोष्ठी हुई।

इसमें सदर विधायक/ मंत्री असीम अरुण ने कहा कि केंद्र सरकार का बजट अब तक का सबसे बड़ा बजट है। ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा व रोजगार आधारित यह बजट बहुस्पर्शी व सर्वग्राही बजट है। जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने केंद्रीय व उत्तर प्रदेश सरकार के बजट पर कहा कि मेधावी छात्राओं के लिए 400 करोड़ रुपये की फ्री स्कूटी वितरण का इंतजाम किया गया है। इस मौके पर जिला महामंत्री शैलेंद्र द्विवेदी, हरिबख्श सिंह, श्यामू राजपूत, श्याम स्वरूप चतुर्वेदी, प्राची गुप्ता, शिवेंद्र सिंह, शरद मिश्रा, राजेश राजपूत, लोकेंद्र सिंह, रजनी पाल, मिथिलेश बाथम, ऋषभ राजपूत, अभिमन्यु ठाकुर व रामबाबू कटियार उपस्थित रहे।


भाजपा कार्यालय में मौजूद पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

# 'मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर' का भव्य आयोजन

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रविवार को फतेहगढ़ स्थित ऑफिसर्स क्लब परिसर में जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की गरिमामय उपस्थिति में 'मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर' का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय और अधिकारों की जानकारी पहुंचाना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता, परामर्श एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलती है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें।जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की मंशा है कि पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से मिले। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिविर में आए लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनें और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य जनसेवा है और ऐसे शिविर आमजन और प्रशासन के बीच सेतु का कार्य करते हैं।


उद्घाटन के अवसर पर डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी, एसपी आरती सिंह।

# चलती बाइक से गिरकर युवती घायल

**फर्रुखाबाद।** तेज रफ्तार बाइक से गिरने के कारण युवती पूनम (26) गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है।

घटना रविवार को हुई जब पूनम अपने चाचा सच्छू के साथ बाइक पर सवार होकर गांव जूना में एक रिश्तेदारी में दावत खाने जा रही थी। पूनम की भाभी मीना ने बताया कि चाचा तेज रफ्तार से बाइक चला रहे थे, तभी पूनम बाइक से गिर गई। पूनम के गिरने के बाद उसके चाचा लगभग एक किलोमीटर आगे निकल गए थे। जब उन्होंने पीछे मुड़कर देखा और पूनम को बाइक पर नहीं पाया, तो वे वापस लौटे। उन्होंने पूनम को सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा पाया। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस की मदद से उसे लोहिया अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने बताया कि पूनम के सिर में गंभीर चोट आई है।

# 39 लाख की बाउंड्रीवाल धराशायी घटिया निर्माण का हुआ खुलासा

संवाददाता फर्रुखाबाद

- दीवार में मानकों के अनुरूप मसाले का इस्तेमाल नहीं किया

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत नगर पंचायत नवाबगंज द्वारा 39 लाख रुपये की लागत से बनाए जा रहे पार्क की बाउंड्रीवाल भरभराकर गिर गई। दीवार गिरते ही न सिर्फ निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो गए, बल्कि यह भी खुलासा हुआ कि जिस जमीन पर पार्क का निर्माण कराया जा रहा था, वह प्रतिबंधित श्रेणी में शामिल चारागाह की जमीन है, जहां शासन की अनुमति के बिना किसी प्रकार का निर्माण पूरी तरह वर्जित है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत ने लगभग 42 बीघा चारागाह की भूमि में से करीब 10 बीघा हिस्से को पार्क निर्माण के लिए चिन्हित कर बाउंड्रीवाल खड़ी कर दी थी। निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही दीवार का एक बड़ा हिस्सा ढह गया, जिससे घटिया सामग्री और तकनीकी लापरवाही की पोल खुल गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि दीवार में न तो मजबूत नींव डाली गई थी और न ही मानकों के अनुरूप मसाले का इस्तेमाल किया गया। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार वैस ने बताया कि पार्क के पास स्थित एक तालाब से पंपिंग सेट के जरिए पानी निकालने के दौरान पानी दीवार की नींव में भर गया। ईओ ने यह भी स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य जारी था और नींव में मिट्टी डालना शेष था, जो समय पर पूरा न होने के कारण दीवार गिर गई। ईओ प्रमोद कुमार वैस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को गुणवत्तापूर्ण तरीके से दोबारा दीवार बनाने के निर्देश दिए हैं। ठेकेदार को नोटिस भी जारी किया गया है और एक जांच टीम का गठन किया गया है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। ढही हुई बाउंड्रीवॉल में पिलर भी शामिल थे। घटना के तुरंत बाद ठेकेदार ने लगभग 20 मजदूरों की मदद से गिरी हुई ईंटों और मलबे को हटवाया। ठेकेदार को यह भी निर्देश दिया गया है कि वह गिरी हुई दीवार का पुनर्निर्माण गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित करे।स्थानीय लोगों का कहना है कि दीवार का गिरना सीधे तौर पर निर्माण सामग्री की खराब गुणवत्ता को दर्शाता है। अभी तो केवल पानी भरने से दीवार गिर गई, अगर पार्क बनने के बाद बच्चे यहाँ खेल रहे होते और तब ऐसा होता, तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

**काम में तेजी** | एडीएम अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में रविवार को हुए बैनामे , पांच किसानों ने किया स्वेच्छा से भूमि हस्तांतरण

# गंगा एक्सप्रेसवे लिंक रोड के लिए भूमि अधिग्रहण शुरू

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जनपद में बहुप्रतीक्षित गंगा एक्सप्रेसवे लिंक रोड परियोजना को लेकर प्रशासन ने तेजी दिखानी शुरू कर दी है। जिले को सीधे गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के उद्देश्य से प्रस्तावित लिंक रोड के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया विधिवत आरंभ हो गई है। रविवार को अपर जिला अधिकारी अरुण कुमार सिंह की निगरानी में पांच किसानों ने अपनी भूमि का बैनामा कर विकास कार्य में सहभागिता निभाई।

यह महत्वपूर्ण लिंक मार्ग कंचनपुर सबलपुर से प्रारंभ होकर बिलालपुर तुर्कगाटा होते हुए रूपापुर के पास गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा। रविवार को अपर जिला अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने स्वयं मौके पर पहुंचकर प्रस्तावित मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया और संबंधित राजस्व एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता और समयबद्ध ढंग से संपन्न कराई जाएगी। किसानों से संवाद करते हुए उन्होंने आश्वस्त किया कि शासन की नीति के अनुरूप सर्किल रेट से चार गुना मुआवजा दिया जाएगा तथा किसी भी किसान के हितों की अनदेखी नहीं की जाएगी। रविवार को गाजीपुर के तीन तथा रामपुर जोगराजपुर के दो किसानों समेत कुल पांच किसानों ने बैनामा किया।


अमृतपुर तहसील में बैनामा के लिए सब रजिस्ट्रार को कागजात सौंपता ग्रामीण।

- जिले को सीधे गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ने के उद्देश्य से हो रहा काम
- निर्माण विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए

क्षेत्रीय लेखपाल रवींद्र वर्मा ने बताया कि अब तक 19 किसान अपनी भूमि का बैनामा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि किसानों में विकास को लेकर सकारात्मक रुख देखा जा रहा है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, कुल 12 गांवों के लगभग 3500 लोगों की भूमि इस लिंक एक्सप्रेसवे के लिए अधिग्रहित की जानी है। आने वाले दिनों में अन्य किसानों से संवाद कर सहमति के आधार पर बैनामे की प्रक्रिया जारी रखी जाएगी। इस अवसर पर तहसीलदार शशांक सिंह, लेखपाल पवन यादव तथा क्षेत्रीय लेखपाल रवींद्र वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस पर हमला, पथराव व मारपीट में कई नामजद

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगला जोध में अवैध निर्माण की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर ग्रामीणों द्वारा मारपीट और पथराव किए जाने का मामला सामने आया है।

21 फरवरी को पीआरवी संख्या 7871 के माध्यम से सूचना मिली कि ग्राम नगला जोध में कुछ लोग अवैध रूप से मकान का निर्माण कर रहे हैं। सूचना देने वाले ऋषि प्रताप ने बताया कि मनीष, पंकज और मोनू निवासी नगला जोध निर्माण कार्य कर रहे हैं और मना करने पर भी नहीं मान रहे हैं।

सूचना पर खुदागंज चौकी प्रभारी अनिल कुमार अपने हमराह हेड कांस्टेबल कृष्णपाल और कांस्टेबल खेमचंद्र के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने निर्माण कार्य रोकने को कहा तो आरोपित उत्तेजित होकर गाली-गलौज करने लगे। स्थिति बिगड़ती देख थाना प्रभारी को सूचना देकर अतिरिक्त पुलिस बल की मांग की गई। अतिरिक्त फोर्स पहुंचने पर मामला और उग्र हो गया। आरोप है कि मनीष, पंकज, मोनू सहित 8-10 अज्ञात पुरुष एवं 15-20 महिलाएं पुलिस टीम से भिड़ गईं और मारपीट पर उतारू हो गईं। इस दौरान महिला कांस्टेबल चंचल के साथ हाथापाई की गई, जिससे उनकी वर्दी अस्त-व्यस्त हो गई और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। आरोपितों ने सरकारी जीप के सामने खड़े होकर पथराव भी किया।

## न्यूज ब्रीफ

### महिला से मारपीट

**भरथना।** थाना क्षेत्र के नगला भागा (सरावा) की मीना देवी पत्नी उमेश चंद्र ने गांव के ही एक व्यक्ति व उसकी पत्नी के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पीड़िता के मुताबिक वह व उसका पति मजदूरी के लिए बसरेहर गए थे। 22 फरवरी 2026 को जब वापस गांव आए तो विपक्षी से घर में जानवर बांधने को लेकर कहासुनी हो गई। आरोप है कि इस दौरान विपक्षीगण गाली-गलौज करने लगे और कहने लगे कि मकान में उनका कोई हिस्सा नहीं है। विरोध करने पर विपक्षी ने मेरे व पति के साथ मारपीट की जिससे दोनों को चोटें आईं। पुलिस द्वारा मामले की जांच कर रही है।

### तीन लोगों ने युवक के साथ की मारपीट

**भरथना।** थाना क्षेत्र के गांव रावरेहार निवासी एक युवक के साथ तीन नामजदों ने मारपीट कर युवक को घायल कर दिया। उक्त गांव निवासी संजेश कुमार ने लखनपुर पचार निवासी राहुल तथा इकघरा निवासी नीलू व शीलू पर आरोप लगाया है कि 19 फरवरी को भरथना के श्री बालाजी गेस्टहाऊस में परिवार की बिटिया की शादी थी। इसी दौरान नामजदों ने एकराय होकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। जिससे मेरे बाएं कान में चोट आ गई है। पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शादी समारोह में करंट से युवक की गई जान

**इटावा।** थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत कटरा फतेह मकसूद खां में शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए एक युवक की विद्युत करंट लगने से मौत हो गई। घटना से अफरा तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार विशाल 19 वर्ष निवासी टीजी नगर थाना धूमनगंज प्रयागराज थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत कटरा फतेह मकसूद खां में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने आया था। समारोह के दौरान अचानक उसे करंट लग गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### इंजन में खराबी आने से रुकी मरुधर एक्सप्रेस

**भरथना।** दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक की डाउन लाइन पर शनिवार की देर रात मरुधर एक्सप्रेस करीब 25 मिनट तक रुकी रही। खराबी दूर होने के बाद ट्रेन अपने गंतव्य की ओर रवाना हो सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 14854 मरुधर एक्सप्रेस डाउन लाइन पर टूंडला से कानपुर की ओर जा रही थी। तभी देर रात करीब सवा दस बजे भरथना साम्हों रेलवे स्टेशन के मध्य ट्रेन के इंजन में अचानक तकनीकी खराबी आ जाने के कारण ट्रेन को मेन डाउन लान पर रोका गया।

### दुष्कर्म का लगाया आरोप

**कुदरकोट, औरैया।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पांच वर्षीय मासूम के साथ हुई दरिंदगी की घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। आरोप है कि सफेद अपाचे बाइक पर सवार एक अज्ञात युवक ने 10 रुपये का लालच देकर बच्चे को फुसलाया और उसे सुनसान स्थान पर ले जाकर दुष्कर्म किया। बताया कि रविवार दोपहर लगभग एक बजे सफेद अपाचे बाइक पर सवार एक युवक आया और बच्चे को 10 रुपये देने का लालच देकर अपने साथ बबूल के पेड़ों की ओर ले गया। कुछ देर बाद बच्चा डरा-सहमा हालत में वापस लौटा। परिजनों का आरोप है कि उसके साथ गलत काम किया गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### कुत्ते को मार डालने का विरोध करने पर मालिक को पीटा

**अयाना।** थाना क्षेत्र के रहटौली निवासी धर्मेंद्र गुर्जर ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 20 फरवरी को वह गांव के राजवीर गुर्जर के यहां त्रयोदशी संस्कार में शामिल होने गया था। इस दौरान उनका पालतू कुत्ता रोमी भी साथ गया। वापस लौटने के दौरान गांव के इंद्रभान ने उसके कुत्ते पर लाठी से हमला कर दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। विरोध करने पर आरोपी इंद्रभाव व ब्रजभान ने उसके साथ मारपीट कर दी।

### घायल अन्ना मवेशी का डॉक्टर ने किया इलाज

**बेला, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव बेला की दिबियापुर रोड़ पर सेंट्रल बैंक के सामने वाली गली में रविवार सुबह के एक आवारा गोवंश घायल अवस्था में पड़ा था। ग्रामीण बेला बस्ती स्थित पशु अस्पताल पहुंचे और डॉ सौरभ भारती से घायल गोवंश का इलाज कराने का निवेदन किया। चिकित्सक ने अपने सहयोगी को भेजकर घायल गोवंश का मौके पर इलाज कराया।

# ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

## महिला अपने भाई के साथ बाइक से पथरी की दवा लेने जा रही थी, भाई घायल

कार्यालय संवाददाता इटावा



जिला अस्पताल में रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के सुंदरपुर रेलवे ओवर ब्रिज के ऊपर तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार भाई बहन को टक्कर मार दी। हादसे में बहन के ऊपर ट्रक का पहिया चढ़ जाने से उसकी मौके पर मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल भाई को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। भाई चौबिया उसकी ससुराल से बहन को इटावा पथरी की दवा दिलाने के लिए लेकर जा रहा था। हादसे की जानकारी से दोनों परिवारों में कोहराम मच गया। रोते बिलखते स्वजन जिला अस्पताल पहुंच गए जहां बेटी के शव को देखकर चीख पुकार मच गई।

चौबिया थाना क्षेत्र के बनी हरदू निवासी कुलदीप की 26 वर्षीय पत्नी पूनम रविवार सुबह करीब 11 बजे घर से अपने भाई अंकित निवासी अरियारी औरैया के साथ बाइक से पथरी की दवा लेने इटावा जा रही थी। जैसे ही बाइक से दोनों फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र में सुंदरपुर रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर पहुंची तभी तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। बाइक से सड़क पर गिरी पूनम ट्रक के पहिए के नीचे आ गई, जिससे उसका सिर कुचल गया। जबकि उसका भाई अमित बाइक समेत डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान इटावा से काफिले के साथ औरैया में व्यापारियों की समस्याओं को जानने एवं क्षेत्र में मीटिंग में शामिल होने जा रहे सपा सांसद जितेंद्र दोहरे ने हाईवे पर हुए इस हादसे को देखा तो तुरंत अपना काफिला रुकवाया और गाड़ियों से उतरकर पुलिस और एंबुलेंस को सूचना देकर गम्भीर हालत में पड़े महिला और उसके भाई को जिला अस्पताल भिजवाया। साथ ही जिला मुख्य चिकित्साधिकारी को फोन कर दोनों के बेहतर उपचार की बात कही। वही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक को कब्जे में लेकर ट्रक की तलाश शुरू कर दी है। वहीं जिला अस्पताल पहुंचने पर इमरजेंसी ड्यूटी डॉक्टर डॉ. शिवम राजपूत ने पूनम को मृत घोषित कर दिया। जबकि अमित की हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज सैफई रेफर कर दिया। भाई बहन के साथ सड़क हादसे की जानकारी के बाद पूनम के ससुराल पक्ष चौबिया बनी हरदू और औरैया मायके पक्ष से भी लोग रोते बिलखते जिला अस्पताल पहुंच गए जहां बेटी के शव को देखकर महिलाएं और पुरुष चीत्कार कर रोने बिलखने लगे। जिन्हें अस्पताल स्टाफ ने सांत्वना देकर शांत कराया । मृतका पूनम के देवर टीपू ने बताया भाभी की शादी एक साल पहले ही उसके भाई के साथ हुई थी। भाई अपने साले के साथ शहर के अलग-अलग शराब के ठेके पर सेल्समैन हैं।

# फूट डालो राज करो की नीति पर काम कर रही है भाजपा सरकार: शिवपाल यादव

कार्यालय संवाददाता इटावा



शिवपाल सिंह यादव को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करते आयोजक।

- त्रिलोकपुर में पूर्व प्रधान मुलायम सिंह यादव और उनकी पत्नी की मूर्ति का किया अनावरण

**अमृत विचार ।** सैफई के ग्राम त्रिलोकपुर में पूर्व प्रधान स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव और उनकी धर्मपत्नी स्वर्गीय राम सुमरनी की स्मृति में उनके पुत्रों योगेश यादव व जयवीर सिंह यादव द्वारा आयोजित मूर्ति अनावरण एवं भंडारा कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव ने दोनों की मूर्तियों का अनावरण किया।

वहां उपस्थित क्षेत्रीय लोगों और शुभचिन्तको को संबोधित करते हुए शिव पाल सिंह यादव ने कहा कि मुलायम सिंह यादव श्रदेय नेताजी के सच्चे समाजवादी साथी थे। श्रदेय नेताजी और समाजवादी नीतियों पर चलते हुए प्रधान जी ने हमेशा समाज को जोड़ते हुए सभी वर्गों को समरसता का पाठ पढ़ाया सभी की मदद की। उन्होंने भाजपा सरकार पर हमलावर होते हुए कहा कि भाजपा के लोगों और उनकी नीतियों से सभी वर्ग परेशान हैं। भाजपा सरकार समाज और राजनीतिक दलों में फूट डालो राज करो की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में हम सभी को इकट्ठा होकर इनकी विदाई करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रपति पुरस्कृत सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य राजेंद्र प्रसाद यादव ने व संचालन रामनरेश यादव ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनिल

यादव,सपा नेता चंदगीराम यादव, मुकद्दम सिंह यादव सरपंच,ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर यादव,ग्रीश यादव संजीव यादव,अमर सिंह जबर सिंह सुल्तान सिंह,डॉ मिलाप यादव राजवीर सिंह यादव ठेकेदार,महेंद्र सिंह यादव,सुरजीत सिंह यादव, सुनील कुमार यादव,शिवकुमार यादव,संजय यादव,अंकुर यादव रितिक यादव ऋषभ यादव आदि बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# साहिल और आरती बने चैंपियन

कार्यालय संवाददाता इटावा



विजेता प्रतिभागियों के साथ प्राचार्य व अतिथिगण। अमृत विचार

- दो दिवसीय प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

**अमृत विचार ।** केके कॉलेज के दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह स्फूर्ति के अंतर्गत महात्मा ज्योतिबा फुले स्टेडियम में दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने की । मुख्य अतिथि अध्यक्ष प्रबंध समिति सत्येंद कुमार वर्मा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है।

प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने कहा खेलों से मानवीय मूल्यों एवं सामूहिक चेतना का विकास होता है क्योंकि खेल की मूल भावना यही होती है कि अकेले नहीं बल्कि समूह में खेलना। मुख्य अतिथि सत्येंद्र कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि ओंकारनाथ वर्मा, प्राचार्य राजकीय महिला महाविद्यालय डॉ. श्यामपाल सिंह, राजेश वर्मा एवं प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह का कॉलेज के शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने अंगवस्त्र, बुके व प्रतीक चिह्न देकर स्वागत किया। समारोह का संचालन प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया। ओवरआल चैंपियन का छात्रों में खिताब साहिल एवं ओवरआल छात्रा चैपियन का ख़िताब आरती परिहार ने जीता। प्रतियोगिताओं में 3000 मीटर पुरुष दौड़ में प्रथम स्थान साहिल, द्वितीय स्थान कुलदीप कुमार, तृतीय स्थान आसित , भाला फेंक पुरुष में युवराज ने प्रथम स्थान, योगेश ने द्वितीय स्थान, आसित ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं भाला फेंक महिला में वर्षा ने प्रथम स्थान, रश्मि ने द्वितीय स्थान, अंशिका ने तृतीय स्थान पाया। 400 मीटर दौड़ पुरुष में साहिल ने प्रथम स्थान, योगेश ने द्वितीय स्थान, कुलदीप कुमार ने तृतीय स्थान, 400 मीटर दौड़ छात्रा में आरती परिहार ने प्रथम स्थान, अंजली सिंह ने द्वितीय स्थान, अंशिका ने तृतीय स्थान पाया। 1500 मीटर दौड़ पुरुष में साहिल ने प्रथम स्थान, मोहित राठौर ने द्वितीय स्थान, दिनेश कुमार ने तृतीय स्थान, 1500 मीटर महिला में वर्षा ने प्रथम स्थान, छवि ने द्वितीय स्थान, राधा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में सभी विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा मेडल, प्रमाणपत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

## सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल

**इटावा ।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

थाना कोतवाली सदर क्षेत्र के अंतर्गत कोतवाली चौराहे के पास चार पहिया वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार युवक घायल हो गया। कोतवाली चौराहे पर चार पहिया वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी जिससे स्कूटी सवार युवक नवीन कुमार 37 घायल हो गया। थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत भरथना चौराहा स्थित कौशल्या वाटिका के पास डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार युवक अरिवल गुप्ता 27 गम्भीर रूप से घायल हो गया। थाना जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत कटेखेड़ा रेलवे क्रासिंग के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से अनीता 42 वर्ष पत्नी सत्यभान सिंह, अर्पित 20 वर्ष व दीक्षा 15 वर्ष पुत्री सत्यभान सिंह निवासीगण परसौआ जसवंतनगर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# विद्युत विभाग ने वसूल किये 8 लाख 23 हजार रुपये

संवाददाता बकेवर इटावा

- तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित किया गया शिविर
- सात शिविर आयोजित कर 50 बकायेदारों का हुआ पंजीकरण

**अमृत विचार ।** विद्युत विभाग ने उपखंड कार्यालय के अंतर्गत ओटीएस योजना के तीसरे चरण में 7 शिविर आयोजित किए। इन शिविरों में 50 बिजली बकायेदारों का पंजीकरण किया गया, जिससे कुल 8 लाख 23 हजार रुपये की वसूली हुई।

उपखंड अधिकारी संत कुमार ने बताया ओटीएस योजना 28 फरवरी तक जारी रहेगी। इसका मुख्य उद्देश्य प्रदेश सरकार की छूट योजना का लाभ बकायेदारों तक पहुंचाना है, जिसके तहत बकाया बिलों पर ब्याज राशि में छूट दी जा रही है। यह कार्रवाई अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय धर्मेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर की गई। उपखंड अधिकारी संत कुमार के नेतृत्व में अवर अभियंता आशीष कुमार श्रीवास्तव, रामसेवक, नरदेव सिंह गौतम और मनोज कुमार गुप्ता इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हैं। शिविर लखना, बकेवर प्रथम व द्वितीय, महेवा, ढकाताल, निबाड़ीकला और बहादुरपुर घार सहित सात बिजली सब स्टेशनों पर अवर अभियंताओं द्वारा आयोजित किए गए।

उपखंड अधिकारी संत कुमार अपनी लाइनमैन और टीजीटू टीमों के साथ घर-घर जाकर बकायेदारों से ओटीएस पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठाने की अपील कर रहे हैं। इस ओटीएस अभियान में बकेवर उपखंड कार्यालय सहायक शिवकुमार और प्रवीन कुमार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। साथ ही अधिकारियों ने कहा कि आगे भी शिविर जारी रहेंगे।

## युवक की हत्या से पूरा परिवार सदमे में

**भरथना।** क्षेत्र के गांव बंधा निवासी मनीष की हत्या के बाद उसका परिवार सदमें में है। मृतक मनीष का एक युवती से पिछले करीब तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती की पुलिस में नौकरी लग गई थी। जबकि मनीष की अभी जॉब नही लगी थी। दोनों शादी करने के लिए राजी थे। मनीष के परिवार के लोगों को इसकी जानकारी थी। जेकिन युवती के भाई को यह बात पसंद नही थी । इस कारण से उसने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी। इसी दौरान प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह आदि पुलिसकर्मी पहुंचे और जरूरी पूछताछ की। भाई अवनीश यादव ने बताया कि भाई मनीष और युवती के बीच लगभग दो वर्ष से प्रेम संबंध थे। दोनों शादी करना चाहते थे। युवती की नौकरी लग गई थी, इसलिए भाई मनीष जॉब के बाद शादी करना चाहता था। युवती के भाई द्वारा ऐसी घटना अंजाम देने का किसी को अंदाजा नहीं था। इस सम्बंध में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# साइबर पुलिस ने तीन ठगी पीड़ितों को दिलाई बड़ी राहत

संवाददाता औरैया

**1,41,504**
रुपये वापस कराए

**अमृत विचार।** साइबर अपराधों पर लगाम कसने में औरैया पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई एक बार फिर कामयाब रही है। साइबर सेल ने ऑनलाइन ठगी के शिकार तीन पीड़ितों को कुल 1,41,504 रुपये सफलतापूर्वक उनके बैंक खातों में वापस करा दिए हैं। पुलिस ने तकनीकी जांच, बैंकिंग समन्वय और डिजिटल ट्रैकिंग के जरिए होल्ड कराकर वापस दिलाया।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत साइबर सेल/साइबर क्राइम थाना की टीम लगातार सक्रिय है। अपर पुलिस अधीक्षक/नोडल साइबर आलोक मिश्र के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम पुनीत मिश्रा के मार्गदर्शन में टीम ने इन मामलों की त्वरित जांच की। वीरपाल सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह, निवासी कोतवाली अजीतमल 72,302 रुपये, अभिषेक विश्नोई पुत्र महेंद्र कुमार, निवासी कोतवाली औरैया 39,199 रुपये अभिषेक पुत्र स्व. विनोद मिश्रा, निवासी कोतवाली औरैया 30,003 रुपये राशि वापस मिलने पर तीनों पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक, साइबर सेल टीम और संबंधित अधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने पुलिस की सराहना की। पुलिस का कहना है कि जनपद में साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने और आम नागरिकों को आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत, दो लोग हुए घायल

संवाददाता औरैया



क्षतिग्रस्त बाइक।

- शादी समारोह से लौट रहे थे तीन युवक, किसी ने नहीं पहना था हेलमेट

**अमृत विचार।** जिले के खानपुर गांव के पास शनिवार देर रात हुए सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा अंबेडकर नगर चौराहे के पास उस समय हुआ जब तीनों युवक बाइक से वापस लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान जालौन जिले के थाना कुठौंद क्षेत्र के ग्राम सनगद निवासी संजू निषाद के रूप में हुई है। वह अपने दो साथियों के साथ औरैया में इंडियन ऑयल चौकी के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में रिश्तेदारी की शादी समारोह में शामिल होने आया था। शनिवार देर रात करीब दो बजे जब तीनों युवक बाइक से वापस लौट रहे थे, तभी खानपुर स्थित अंबेडकर नगर चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद राहगीरों और पुलिस की मदद से तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने संजू निषाद को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल अन्य दो युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

प्रभारी कोतवाल सत्यप्रकाश ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। परिजनों की तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है और वे पोस्टमार्टम हाउस पहुंच चुके हैं। पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बाइक सवार तीनों युवकों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस मामले की जांचकर रही है।



कैंप के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

# विशेष कैंप में मतदाताओं ने कराया सूची में संशोधन

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** कस्बा स्थित आदर्श इंटर कॉलेज में रविवार को विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बूथ संख्या 285, 286, 287 और 288 से संबंधित नए मतदाता बनने के लिए आवेदन पत्र जमा किए गए। साथ ही अनेक मतदाताओं ने अपने नाम, पता परिवर्तन और अन्य त्रुटि सुधार से जुड़े कार्य भी कराए।

कैंप में बीएलओ टीम के मोहित पोरवाल, पुष्पेंद्र कठेरिया, सुमित कुमार, विनोद कुमार तथा सहयोगी दीपक पोरवाल, जयदीप राजावत और सभासद फिरोज खान मौजूद रहे। टीम ने बूथवार समस्याओं का समाधान करते हुए मतदाताओं को आवश्यक जानकारी प्रदान की।

मोहल्ला हरीगंज बाजार, सराय बाजार, ब्लॉक चौराहा और स्टेशन बाजार के मतदाता अपने जरूरी दस्तावेजों के साथ पहुंचे और मतदाता सूची में नाम जुड़वाने अथवा संशोधन का कार्य कराया।

**अनदेखी** | प्रधान पति पर कब्जा कराने का आरोप

# पैमाइश के बाद भी तालाब कब्जा मुक्त नहीं

संवाददाता बिधूना (औरैया)



विरोध प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** तहसील बिधूना क्षेत्र के ग्राम बरौली में सरकारी तालाब पर अवैध कब्जे का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर तहसीलदार बिधूना राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और तालाब की पैमाइश कर सीमांकन किया, लेकिन अब तक तालाब को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के सार्वजनिक तालाब की भूमि पर प्रधान पति सरमन बाबू ने अपने व अपने परिवारजनों के नाम से कब्जा करा रखा है। कब्जे वाली भूमि पर इस समय फसल खड़ी है। हालांकि वहां किसी प्रकार का मकान या पक्का निर्माण नहीं किया गया है, लेकिन तालाब की जमीन पर खेती किए जाने से उसका मूल स्वरूप प्रभावित हो रहा है।

शिकायत के बाद राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नाप-जोख की और तालाब की भूमि चिन्हित की। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि पैमाइश के बाद तत्काल अतिक्रमण हटवाया जाएगा, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों में महेशचंद्र, रामू, पातीराम, रामाधार, बदन सिंह, लाखन सिंह, नीलेश पाल, चंद्रशेखर, सुनील कुमार, राजवीर, धनपाल, महेंद्र, संतराम, हुकुम सिंह, नारायण सिंह, राजीव कुमार, अशोक कुमार, अमर सिंह, राजाराम, अनंतराम, वीरेंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सरकारी तालाब की भूमि को तत्काल कब्जा मुक्त कराकर तालाब को उसके मूल स्वरूप में बहाल किया जाए।

# बदहाल अंत्येष्टि स्थलों का हो जीर्णोद्धार

कार्यालय संवाददाता, औरैया




बैठक कर रूपरेखा बनाते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

- लोगों को अंत्येष्टि के काम करने में होती परेशानी
- स्नान कुंड क्षतिग्रस्त होने से हो सकती दुर्घटना

**अमृत विचार।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा जनहित को दृष्टिगत रखते स्वच्छता अभियान व यमुना तट के सौंदर्यीकरण हेतु विगत एक दशक से श्मशान घाटों, धार्मिक स्थलों, प्राचीन विश्रांत, पिंडदान स्थल आदि स्थानों पर पौधारोपण, देखरेख व सफाई अभियान चलाया जा रहा हैं।

रविवार को प्रातः 7 बजे यमुना तट पर स्थित राम झरोखा में संस्था के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से यमुना तट पर स्थित बदहाल अंत्येष्टि स्थलों के समतलीकरण व क्षतिग्रस्त स्नान कुंड के जीर्णोद्धार आदि यमुना तट की समस्याओं पर बिंदुवार सर्वसम्मति से विचार विमर्श किया गया। बैठक के अंतर्गत समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि यमुना नदी में आई बाढ़ के उपरांत नदी का जलस्तर बढ़ने से अंत्येष्टि स्थल गड्ढों में दब्दील होकर बदहाल हो गया हैं,। हिंदू रीति रिवाज में अंत्येष्टि के उपरांत यमुना तट पर स्नान की भी परंपरा है। यमुना तट पर स्थित स्नान कुंड काफी क्षतिग्रस्त हैं, जिससे कभी भी अनहोनी होने की संभावना हैं। उन्होंने बताया कि मृत्यु अजेय हैं यमुना तट पर औरैया शहर व आसपास ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग दस अंत्येष्टियों में हजारों लोगों का आवागमन प्रतिदिन होता हैं। निर्णय लिया गया कि यमुना तट की समस्याओं के निराकरण हेतु समिति का प्रतिनिधिमंडल शीघ्र ही मा. जिलाधिकारी महोदय को पांच सूत्रीय मांगों से युक्त ज्ञापन भेंट करेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### मिट्टी डाल बंद कर दी जल निकासी

सुमेरपुर। टेढ़ा में दबंग ने मिट्टी डालकर जल निकासी के लिए बनी पुलिया जाम कर दी। इस मामले में ग्रामीणों ने शिकायत मुख्यमंत्री से की है। टेढ़ा निवासी राजकुमार, रमाकांत, रामचंद्र, हरिओम, रामदयाल, रामकुमार, रामबहादुर, सूबेदार आदि ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को भेजी शिकायत में आरोप लगाया है कि टेढ़ा देवगांव मार्ग में बस्ती के समीप जल निकासी के लिए बनी पुलिया को गांव निवासी विजय सिंह ने मिट्टी डालकर बंद कर दिया है। इससे बस्ती के पानी की निकासी ठप हो गई है। बरसात में उनके घरों में पानी भरने की आशंका बन गई है। ग्रामीण ने मुख्यमंत्री से जल निकासी के लिए पुलिया को खोले जाने की मांग की है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संस्था का किया विस्तार

सुमेरपुर। पूर्व मुख्यमंत्री स्व राम प्रकाश गुप्ता के पौत्र दहेज मुक्त भारत संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद गुप्ता ने कस्बे में प्रवास के दौरान संगठन का विस्तार किया है। श्यामजी गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष बनाया है। संस्था के जिलाध्यक्ष जुग्गी लाल गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष कस्बे में प्रवास के दौरान पूर्व प्रधान पंधरी अरविंद उर्फ बाले गुप्ता के आवास पर पहुंचे और संगठन के विस्तार पर विचार विमर्श किया। उन्होंने कस्बा निवासी श्यामजी गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष, विनय गुप्ता को मंडल अध्यक्ष सुमेरपुर, नरेंद्र कुमार सिंह को कुरारा मंडल का अध्यक्ष बनाया। इस अवसर पर प्रधान टेढा नोखेलाल, शीतल कुटार, अमर गुप्ता, राकेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### आयोग्य मेले में 33 मरीजों का उपचार

बिवांर। पीएचसी में फार्मासिस्ट जयवीर सिंह की देखरेख में आयोजित आरोग्य मेला में खांसी जुखाम बुखार से पीड़ित 33 मरीज आए। जिसका उपचार कर दवा दी गई। सीएचसी मुस्करा से आए वीसीपीएस पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि 156 आशा कार्यकर्ताओं की तैनाती है। आशाओं की डिलीवरी टीकाकरण का कार्य किए जाने पर रुपयों को भुगतान करने के लिए वाउचर जमा कराए गए हैं। वहीं रूरीपारा गांव में तैनात आशा माया देवी को एएनएम से तालमेल बनाकर कार्य करने की हिदायत दी है।

### दुकान में खड़े होकर अभद्रता का आरोप

बिवांर (हमीरपुर)। मवईजार गांव के श्रीराम पुत्र भूरा ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पड़ोसी गांव चंदौलीजार के लाला भैया अपने साथी कैलाश यादव के साथ बाइक से आए दिन आते जाते हैं। पास में दुकान में खड़े होकर घर की महिलाओं से अश्लील हरकत करते हैं। एसआई मो सुल्तान ने बताया कि तहरीर पर जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद

मौदहा (हमीरपुर)। नायकपुरवा गांव में सात दिवसीय भागवत कथा के बाद रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से हुआ। आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा, जिससे उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हुआ।

# ऑनलाइन ई-कामर्स के विरोध में व्यापारी

- विधायक को ज्ञापन सौंपकर जताया विरोध

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)



विधायक मनीषा अनुरागी को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते व्यापारी।

**अमृत विचार।** ऑनलाइन अनियंत्रित व्यापार के विस्तार को लेकर उप्र उद्योग व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारियों ने विधायक आवास पर पहुंच ज्ञापन सौंपा। इसमें व्यापारियों ने ऑनलाइन व्यापार को नियंत्रित करने की मांग की।

उप्र उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने विधायक मनीषा अनुरागी को बताया कि वर्तमान में ऑनलाइन व्यापार ई-कामर्स के अनियंत्रित और असंतुलित विस्तार से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों का व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुआ है। स्थानीय दुकानदार जो वर्षों से समाज की आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था की रीढ़ रहे हैं। वह अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं। ऑनलाइन मार्केटिंग से स्थानीय बाजारों को भारी नुकसान हो रहा हैं। लाखों परिवारों की आजीविका प्रभावित हो रही है। उन्होंने मांग की कि ऑनलाइन व्यापार को वाणिज्य मंत्रालय एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालयों की एक संयुक्त निगरानी तंत्र का गठन किया जाए। साथ ही छोटे व्यापारियों के संरक्षण के लिए व्यापारियों को आयुष्मान जैसी स्वास्थ्य बीमा योजना व आग त्रासदी जैसी आपदा पर राहत राशि की व्यवस्था की जाए। इस दौरान प्रदीप कुमार गुप्ता, उमाशंकर गुप्ता, नौशे खां, मनोज कुमार, काशी प्रसाद गुप्ता, कैलास चंद्र अग्रवाल, शिवशरण स्वर्णकार, रहमत बेग, अय्यूब खान, अमरजीत अरोरा, अशोक कुमार गुप्ता समेत अनेक व्यापारी रहे।

## बहन ने भाई के खिलाफ दी तहरीर

**बिवांर (हमीरपुर)।** कस्बा बिवार निवासी भावना पत्नी अतुल ने तहरीर देते हुए बताया कि शनिवार शाम करीब सात बजे पति किसी कार्य से दयाल दास बाबा मार्ग से जा रहा था। तभी पुरानी रंजिश को लेकर उसके भाई खेमचंद पुत्र बसंत लाल ने लोडर को तेज गति चलाकर पति को टक्कर मार दी। जिससे पति घायल होकर गिर गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने फोन से 112 नंबर एंबुलेंस को सूचना दी। घायल अतुल को सीएचसी छानी से हालत नाजुक होने पर सदर चिकित्सालय रेफर किया गया है। अतुल की पत्नी ने अपने सगे भाई के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# राजा परीक्षित, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाए

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** ग्राम लरौंद में भोलेनाथ मन्दिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा में रविवार को कथा व्यास भरत महाराज ने राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित अन्य प्रसंग सुनाया।

कथा व्यास ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके। परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने श्राप दिया कि आज से सातवें दिन तक्षक नामक सर्प आएगा और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि मुनि देवता आ पहुंचे।

# वृद्ध और युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## कुरारा के बचरौली में युवक ने व मौदहा में वृद्ध ने मौत को लगाया गले

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** बचरौली गांव में पेड़ पर फंदे से लटककर 21 वर्षीय युवक ने आत्महत्या का प्रयास किया, जब लोगों ने देखा तो उपचार के लिए स्थानीय सीएचसी लेकर आए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किए गए युवक को जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना से परिजनों में हाहाकार मच गया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई शुरू की।



थाना क्षेत्र के बचरौली गांव निवासी उदय नारायण (21) पुत्र जयपाल ने शनिवार रात करीब 8 बजे गांव के बाहर पेड़ पर रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। वहीं जब गांव के लोगों ने उसे फंदे पर लटकता देखा तो उसे उतार कर उपचार के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होते देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसी ही युवक के मौत की सूचना गांव पहुंची तो शोक का माहौल हो गया।

### छज्जे पर साड़ी बांधकर वृद्ध ने दी जान

**मौदहा (हमीरपुर)।** नगर में शनिवार रात एक वृद्ध ने घर के छज्जे पर साड़ी बांध फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही मौत के कारणों की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नगर के मराठीपुरा निवासी रतन सिंह (60) पुत्र गुमान सिंह ने शनिवार देर रात अपने घर के दरवाजे के छज्जे पर साड़ी बांध फांसी लगा आत्महत्या कर ली। उसे फांसी में लटकता देख परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली पुलिस ने घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंच मृतक के शव का निरीक्षण कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक दो भाइयों में छोटा व अविवाहित था। वह अपने बड़े भाई नारायण सिंह के साथ रहता था। फिलहाल यह घटना नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है।



रतन सिंह।

## लाइनमैन पर पैसे लेकर बिल जमा न करने की तहरीर

**कुरारा।** चकोठी गांव के किसान ने बिजली विभाग के लाइनमैन पर चार महीने से बिल जमा करने के नाम पर रकम लेकर टरकाने का आरोप लगाया। किसान ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

चकोठी निवासी रामऔतार ने थाने में दी तहरीर में बताया कि करीब चार महीने पहले जल्ला पावर हाउस में बिजली बिल जमा करने गया था। जहां रिठारी गांव निवासी लाइनमैन भानु पुत्र छोटा ने उससे बिजली बिल जमा कराने के लिए 1500 रुपये ले लिए थे, लेकिन अब तक न तो बिल जमा किया और न ही रकम वापस की है। लाइनमैन से बिल की रसीद मांगने पर पहले तो अगले दिन देने की बात कहता रहा। बाद में टालमटोल करने लगा। बिल अभी जमा नहीं हुआ है और कुछ दिन में जमा कर दिया जाएगा। आरोप है कि न तो बिल जमा हुआ और न ही पैसे लौटाए गए। बताया इससे जेई को भी अवगत कराया है लेकिन फिर भी कार्रवाई नहीं हुई है। किसान ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# बांदा मार्ग पर बाइकों की भिड़ंत में 3 घायल

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** दोपहर करीब 1:30 बजे कस्बे के बांदा मार्ग में नगर पंचायत अध्यक्ष के आवास के निकट दो बाइकों की सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइकों के परखच्चे उड़ गए और तीन लोग सड़क पर गिरकर घायल हो गए। सूचना पर नगर पंचायत अध्यक्ष साथियों संग पहुंचे और घायलों को ई-रिक्शा से अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर दो युवकों को सदर अस्पताल रेफर किया गया है।

रविवार दोपहर करीब 1:30 बजे बांदा मार्ग में चेयरमेन धीरेंद्र शिवहरे के आवास के समीप दो बाइकों में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा एक बाइक में सवार दो युवकों द्वारा बस को ओवरटेक करते समय हुआ। इस घटना में कुरारा निवासी संतोष कुमार (45), कस्बा निवासी टिंकू (25), राजेश (20) गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल टिंकू एवं राजेश को अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने ई रिक्शा से ले जाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराकर परिजनों को सूचित किया। हालत गंभीर होने पर दोनों को सदर अस्पताल रेफर किया गया। संतोष का उपचार निजी अस्पताल में किया गया।

### बाइकों की सीधी टक्कर, चार घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** दो बाइकों की सीधी टक्कर में मासूम बच्ची सहित चार लोग घायल हो गए। बिवांर थानाक्षेत्र के ग्राम लदार निवासी आनंद कुमार (25) अपनी मां फूल कुमारी (48) और दो साल की बच्ची माही को लेकर बाइक से मौदहा आ रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे रतौली निवासी बाइक सवार आशीष (18) पुत्र रामसरन ने टक्कर मार दी। जिससे चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है। फिलहाल सभी को राहत बताई जा रही है।

## मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण काम में आई तेजी

**मौदहा।** विशेष अभियान दिवस पर कार्यालय खंड विकास अधिकारी पर मतदान केंद्र में मतदाता सूची से संबंधित कार्रवाई सुव्यवस्थित रूप से संचालित की गई। इस अवसर पर सुपरवाइजर मो. अख्तर के नेतृत्व में बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने बूथों पर उपस्थित रहकर नाम जोड़ने, संशोधन एवं अन्य आवश्यक कार्यों का संपादन करते रहे। अभियान के दौरान वार्ड नंबर 14 ब्लाक के सभासद शिव कुमार सोनी भी केंद्र पर उपस्थित रहे और कार्रवाई का अवलोकन किया। मतदाताओं की सुविधा को लेकर केंद्र पर फॉर्म 6, 6 अ, 7 एवं 8 पर्याप्त संख्या में उपलब्ध कराए गए। जिससे पात्र नागरिकों को अपना नाम दर्ज कराने, संशोधन अथवा अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करने में सहूलियत मिली। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे मतदाता सूची में अपना एवं अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य जांच लें तथा आवश्यक होने पर निर्धारित प्रपत्र भरकर समय से जमा करें।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सुनी मोदी के मन की बात

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)



कार्यक्रम को संबोधित करतीं जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ग्राम बचरौली हनुमान मंदिर तरौस में भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद ने ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 131वें एपिसोड कार्यक्रम को सुना। जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री का आभार जताते हुए कहा तकनीक मानवता और विकास को विरासत से जोड़ती है। यही नए विकसित भारत की असली नींव है।

भाजपा जिला सह मीडिया प्रभारी अभिनव तिवारी ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम सुनने के बाद ग्रामीणों से संवाद कर समस्याओं को सुना। यहां जानकारी मिली कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पलीता लगाया जा रहा है। इस पर जिलाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को दूरभाष से सख्त लहजे में अवगत करा पात्र व्यक्तियों को लाभ दिलाने को कहा। वहीं सशक्त लोकतंत्र सक्रिय मतदाता कार्यक्रम के तहत पार्टी की ओर से लगाए गए हेल्पडेस्क पर नए मतदाताओं के फॉर्म भरवाकर सूचीबद्ध करते हुए उन्हें संबंधित बीएलओ के पास जमा कराया और उपस्थित जनों से मतदाता जागरूकता एवं सहभागिता को लेकर सार्थक संवाद किया। इस अवसर पर एनजीओ प्रकोष्ठ से विनय मिश्रा, त्रिभुवन सिंह, रामा पाल, अभिनव तिवारी, अंकित सेंगर, दिव्यांशु मिश्रा, धनंजय सिंह, रवि निषाद, कन्हैया शुक्ला, रामानंद, अजब सिंह, नारायण प्रसाद वाजपेयी, रामपाल निषाद पूर्व प्रधान, झंडू सिंह कोटेदार रहे।

# ग्रामीणों को दी पर्यावरण प्रदूषण की जानकारी, दीवारों पर लिखे स्लोगन

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



गोष्ठी में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** ओम हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुंडौरा की एनएसएस की प्रथम व द्वितीय इकाई के शिविरार्थियों ने विशेष शिविर के षष्ठम दिवस का आयोजन किया। इसके शिविरार्थियों पूर्व निर्धारित कार्यक्रम स्थल शिव मंदिर ग्राम दरियापुर कुंडौरा में इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी रक्षादीन कर्णधार व डॉ. सरिता दुबे के अतिरिक्त माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसपी गुप्ता व अन्य प्रवक्ताओं ने भाग लिया।

शिविरार्थियों ने सुबह नाश्ता व जलपान किया। फिर कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई की। निर्धारित टॉपिक जल संरक्षण एवं पर्यावरण प्रदूषण पर गोष्ठी का आयोजन किया। इस कार्य को अंजाम देने के लिए छात्रों ने दरियापुर व कुंडौरा में घूम घूमकर दीवारों पर स्लोगन लिखे। ग्रामीणों को जल संरक्षण की जानकारी दी। पर्यावरण प्रदूषण से होने वाले नुकसान से अवगत कराया। विचार गोष्ठी में माध्यमिक विद्यालय के स्टाफ अजीत सिंह ने जल बचाने पर जोर देते हुए कहा कि आजकल शावर में नहाते समय जबसे लोग रील बनाने लगे हैं। उन्हें पता ही नहीं चलता कि कितना पानी बर्बाद हो रहा है। कार्यक्रम अधिकारी रक्षादीन ने कहा प्रदूषण से सावधान रहने की बहुत जरूरत है। अगर हमने प्रदूषण पर काबू नहीं पाया तो हमारी आने वाली नस्लों को इस्तेमाल करने में गम्भीर परिणाम भोगने होंगे। डॉ. सरिता दुबे ने जल संरक्षण पर जोर दिया। कार्यक्रम में सुरजीत सिंह, बादशाह सिंह आदि उपस्थित रहे। विचार गोष्ठी में अनमोल, हर्षित, गोपाल, नमन, प्रकाश, स्नेछ, स्वाती, सिमरन, मोहिल, प्रिया आदि का विशेष योगदान रहा। अंत में महर्षि के प्राचार्य डॉ. स्वामी प्रसाद गुप्ता ने प्रदूषण रोके जाने पर दिया। गोष्ठी के पश्चात छात्र छात्राओं ने जलपान ग्रहण किया।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 120 मरीजों का हुआ इलाज

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के मैथिलीशरण गुप्त मार्ग पर कृष्णा सुपर हॉस्पिटल की ओर से आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर किया। शिविर में 120 लोगों का निशुल्क जांच कर उपचार किया गया। इस मौके पर 12 लोगों ने रक्तदान किया।

रविवार को कस्बे के मैथिली शरण गुप्त मार्ग में डॉक्टर शिवम गुप्ता के क्लीनिक में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कृष्णा सुपर हॉस्पिटल की ओर से किया गया। शिविर का शुभारंभ चेयरमैन धीरेन्द्र शिवहरे ने फीता काटकर किया। शिविर में 120 मरीजों की जांच करके निशुल्क उपचार किया गया। शिविर में 12 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर में कृष्णा हॉस्पिटल के डॉ रावसोमेंद्र सिंह, डॉ हेमंत गुप्ता, डॉ शिवम गुप्ता, डॉ प्रकाश ने मौजूद रहकर मरीजों की जांच करके उपचार किया।




शिविर में मरीज देखते चिकित्सक। अमृत विचार

**श्रमदान** | अमृत प्रोजेक्ट के अंतर्गत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के चतुर्थ चरण में की सफाई

# सत्संगियों ने यमुना तट पर चलाया सफाई अभियान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर



यमुना तटबंध पर सफाई करते निरंकारी। अमृत विचार



मीरा तालाब की सफाई करते अनुयाई। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अमृत प्रोजेक्ट के तहत रविवार को स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के चतुर्थ चरण में संत निरंकारी मंडल के सत्संगियों ने नगर में यमुना नदी के कई वर्ग किमी क्षेत्र तट की साफ-सफाई की। यमुना तटबंध पर सीढ़ी युक्त स्नान घाट तथा यमुना तटबंध की भी पूर्ण साफ सफाई की गई।

जिला संयोजक महात्मा क्रांति कुमार निरंकारी ने बताया कि यह अभियान देशभर में चलाया गया है। हमीरपुर मुख्यालय में यमुना नदी किनारे पर किया गया। यह मुहिम केवल एक दिन की नहीं, अपितु हर माह विभिन्न घाटों व जल स्रोतों की स्वच्छता के लिए निरंतर जारी रहेगी। महाअभियान की यह अभूतपूर्व व्यापकता इसे एक ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेगी। परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।

नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं एवं झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए समर्पित है। इन्हीं उपलब्धियों से प्रेरित होकर इस चरण को और अधिक विस्तृत, संगठित एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ क्रियांवित किया। इससे समाज के हर वर्ग में प्रकृति के प्रति जागरूकता और सहभागिता की सुदृढ़ चेतना का विस्तार कर सके। नगर पालिका अध्यक्ष कुलदीप निषाद ने स्वयं सेवा में प्रतिभाग किया। नगर पालिका के हाईप्रेशर वाटर गन, कूड़ा गाड़ियों की मदद से अभियान को सफलता पूर्वक संपन्न कराया।

### स्वच्छ जल, स्वच्छ मन के तहत की तालाब की सफाई

**मौदहा (हमीरपुर)।** निरंकारी संत मिशन गुरु के जन्म दिन पर निरंकारी मिशन से जुडे.लोगों ने कस्बे के अमृत सरोवर मीरा तालाब की सफाई की। मिशन के आधा सैकड़ों लोग मौजूद रहे। निरंकारियों ने स्वच्छ जल स्वच्छ मन से निरंकारी संत के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की। कस्बे के मीरा तालाब की सफाई की। इस दौरान शाखा के रामबहादुर ने बताया कि निरंकारी मिशन संपूर्ण मानव समाज के हित में काम कर रहा है। जैसे सूखा, बाढ़ राहत और रक्तदान जैसे तमाम हितकारी काम कर रहा है। मिशन के सेवादारों में विमला, तारा, लक्ष्मी, सरोज निगम, रामरती, मातादीन, ओमप्रकाश धुरिया, पिंटू निगम सहित आधा सैकड़ा से अधिक मिशन के अनुयायी मौजूद रहे।

# बच्चों ने दी ज्ञान ज्योति परीक्षा

- संस्था दस बच्चों को देगी नि:शुल्क शिक्षा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** पूर्व सांसद राजनारायण बुधौलिया की स्मृति में रज्जू महाराज फाउंडेशन फॉर चैरिटी द्वारा डॉ. गनेशी लाल बुधौलिया वर्ल्ड स्कूल व बचपन प्ले स्कूल में ज्ञान ज्योति परीक्षा आयोजित की गई।

इस परीक्षा में करीब 360 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। परीक्षा में समाज के प्रतिभाशाली निर्धन एवं निराश्रित दस बच्चों को प्राथमिकता देते हुए निःशुल्क शिक्षा शैक्षिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। परीक्षा के दौरान स्कूल के डायरेक्टर मुकेश बुधौलिया, प्रधानाचार्य डॉ एमएस राव, शैलेन्द्र बादल, विवेक नगाइच, नरोत्तम शुक्ला, सुरेश खेवरिया, गौरव बुधौलिया, प्रशांत बुधौलिया, हर्ष बुधौलिया, मनीष लाक्षाकार वीरेंद्र साहू, दुलीचंद अहिरवार, हरिशरण, कृष्ण दत्त, कॉर्डिनेटर स्वाती, अंजली, सुरेंद्र बहादुर, देवेंद्र सोनी आदि उपस्थित रहे।



बचपन प्ले स्कूल में प्रतियोगी परीक्षा देते बच्चे। अमृत विचार

## युवक को पीटकर मोबाइल तोड़ने, रुपये छीनने का आरोप

**राठ।** कस्बे के चरखारी रोड़ पर शनिवार रात तीन युवकों ने एक युवक को मारपीट कर मोबाइल तोड़ दिया। आरोप है कि आरोपी युवकों ने उसके चार हजार रुपये छीन लिए।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी। चरखारी रोड सिकंदरपुरा निवासी अनुज ने बताया कि शनिवार रात वह अपने घर के पास बैठकर मोबाइल फोन पर एक मित्र से बात कर रहा था। उसी दौरान मोहल्ले के तीन युवक शराब के नशे में उसके साथ गाली गलौज करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो तीनों ने मिलकर उसे जमकर पीटा और जान से मारने की धमकीं दी। यहीं नहीं उसका मोबाइल तोड़ जेब में रखे चार हजार रुपये छीन फरार हो गए। कोतवाल ने बताया जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

## युवक ने घर में फांसी लगाकर दी जान

**महोबा।** थाना पनवाड़ी के देवगनपुरा गांव में एक युवक ने घर पर फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह परिजनों ने शव को फांसी पर लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जवान बेटे की मौत से मृतक के परिजनों को रो रोकर बुरा हाल है। परिजन आत्महत्या का कारण शराब का लती होना बता रहे हैं। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। देवगनपुर गांव निवासी अश्वनी राजपूत (25) पुत्र मूलचंद राजपूत की चार साल पहले शादी हुई थी। शादी के बाद से वह शराब पीने लगा था। शराब का लती होने के कारण शनिवार की रात को वह खाना खाकर अपने कमरे में चला गया, जहां पर उसने फांसी लगाकर जान दे दी। रात का समय होने के कारण परिजनों को इसकी भनक तक नहीं लगी। रविवार को सुबह जब परिजनों ने बेटे को फांसी पर लटका देखा तो चीख पुकार मच गई।

## तमंचे समेत दो गिरफ्तार

**पनवाड़ी।** थाना पनवाड़ी की पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान के तहत दो अभियुक्तों को अवैध असलहा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेशी में भेजे जाने की कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी द्वारा गठित पुलिस टीम के उपनिरीक्षक पवन गौड़, उपनिरीक्षक हार्दिक सिंह, कास्टेबल रामकुमार तिवारी व इन्द्रपाल चौहान ने चेकिंग अभियान दौरान मुखबिर की सूचना पर बुडेरा पुल के पास से अवैध 315 बोर तमंचा व कारतूस सहित रिंकू (19) पुत्र देवेन्द्र राजपूत व अरूण (20) पुत्र हरनारायण निवासीगण ग्राम बुडेरा को गिरफ्तार किया है।

## आज निकलेगी संत गाडगे की जयंती पर शोभायात्रा

**महोबा।** संत गाडगे बाबा की जयंती पर 23 फरवरी को बड़े धूमधाम के साथ शहर के अंबेडकर पार्क आल्हा चौक में एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रीवास समाज के लोग संत शिरोमणि गाडगे महाराज की झांकी सहित भव्य जुलूस निकाला जाएगा। यह जानकारी देते हुए श्रीवास समाज के जिला अध्यक्ष बिहारी लाल गाडगे ने बताया कि संत शिरोमणि गाडगे महाराज की जयंती पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों की तैयारियां संत गाडगे सेवा समिति के सदस्यों की नेतृत्व की जा रही है।

# रोजगार क्षमता बढ़ाने के लिए महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

संवाददाता, कुलपहाड़ महोबा



प्रशिक्षण के समापन पर बोलते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राजकीय हाई स्कूल दुलारा में इलेक्ट्रोथर्म इंडिया लिमिटेड कबीर फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे वूमेन स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत सिलाई एवं कटिंग के 15 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया।

प्रशिक्षण के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. डीपी सिंह, प्रेमचंद्र अनुरागी रहे, जिन्होंने बताया कि स्किल डेवलपमेंट (कौशल विकास) का महत्व बताते हुए कहा कि रोजगार क्षमता बढ़ाने, बेहतर वेतन पाने और व्यक्तिगत विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह महिलाओं और युवाओं को तकनीकी व व्यावहारिक ज्ञान देकर उद्योग की मांग के अनुरूप तैयार करता है, जिससे उत्पादकता, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता में वृद्धि होती है। यह करियर में प्रगति और बदलते तकनीकी माहौल में अनुकूलनशीलता के लिए आवश्यक है। फाउंडेशन के संरक्षक कालका प्रसाद गुप्ता ने फाउंडेशन की विस्तृत रूपरेखा बच्चों के सामने प्रस्तुत करते हुए बताया कि अब डिग्री से ज्यादा स्किल पर जोर दिया जा रहा है। 15 दिवसीय कार्यक्रम में 53 महिलाओं और छात्राओं को सिलाई प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर हरिश्चंद्र, अमित कुमार, राजकीय इंटर कॉलेज जैतपुर के शमूलचंद अनुरागी, हरिश्चंद्र, मूलचंद्र रहे।

# महाविद्यालय के रिक्त पदों का उठाया मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



सदन में बोलते एमएलसी जितेंद्र सिंह।

- विधान परिषद सदस्य ने बजट सत्र में की मांग

**अमृत विचार।** विधान परिषद सदस्य जितेंद्र सिंह सेंगर ने विधान परिषद बजट सत्र के दौरान नियम 110 के तहत सदन का ध्यान आकृष्ट करते हुए वीरभूमि राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में पद सृजन के साथ अन्य उपयोगी विषयों के संचालन की पूर्ति किए जाने के अलावा शहर में चार वातानुकूलित (एसी) और सीएनजी बसों के संचालन का मुद्दा उठाया।

एमएलसी ने कहा कि वीरभूमि महाविद्यालय में स्थापना काल से कला संकाय में सात विषयों वाणित्य एवं विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर पर और वाणिज्य एवं कला संकाय में अर्थशास्त्र विषय में परास्नातक की कक्षाएं संचालित है। छात्र व जनहित में इस महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर अन्य उपयोगी विषय भूगोल, गृह विज्ञान, समाशास्त्र, संगीत आदि पद सृजन के साथ परास्नातक में हिंदी, राजनीति विज्ञान, अंग्रेजी आदि पद सृजन के साथ कक्षाएं संचालित कराने और तृतीय श्रेणी में वरिष्ठ सहायक, कंप्यूटर ऑपरेटर व लेखा लिपिक पद सृजन किया जाने की बात रखी। सदन में उठाए गई मांगों के संबंध में बताया कि महाविद्यालय में मानकानुसार शैक्षणिक एवं शिक्षणेत्तर पदों के सृजन किए जाने की मुख्यमंत्री से सहमति प्राप्त की जा चुकी है प्रकरण में जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

एमएलसी जितेंद्र सेंगर ने सदन में दूसरा मुद्दा उठाते हुए बताया कि कलेक्ट्रेट, विकास भवन और जिला अस्पताल जैसे महत्वपूर्ण कार्यालयों की दूरी अधिक होने से जनता को भारी परेशानी और अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ता है। मुख्यालय की डेढ़ लाख से अधिक आबादी के लिए परिवहन सुविधा की कमी है। बताया कि कलेक्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक कार्याल, विकास भवन और प्राइवेट बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन दो से पांच किमी. दूरी पर स्थित हैं। इसके अतिरिक्त, शिक्षण संस्थाएं और जन सुविधा केंद्र भी शहर के दूर दराज के इलाकों हैं, जहां पर पहुंचने के लिए उचित परिवहन साधन न होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले किसानों, विद्यार्थियों और विभिन्न वार्डों के निवासियों को निजी वाहनों या महंगे ऑटो टैक्सी का सहारा लेना पड़ता है, जिससे आम आदमी की जेब पर भी भारी आर्थिक बोझ पड़ता है। एमएलसी ने शहर में करीब चार सीएनजी और वातानुकूलित सिटी बसों का संचालन की मांग उठाई।

# निरीक्षण के दौरान कार्य विभाजन पर जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

## डीएम ने विकासखंड चरखारी का किया औचक निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा



कार्य के बारे में अधिनस्थों से जानकारी लेतीं डीएम गजल भारद्वाज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने विकासखंड चरखारी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने सर्वप्रथम कार्यालय के स्थापना व लेखा पटल का जायजा लेते हुए लेखाकार को स्थापना पटल के समस्त अभिलेख सही ढंग से रखने व जॉब कार्ड प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही विकासखंड में लाइट व अन्य मरम्मत कार्यों को कराने जाने पर जोर दिया। मनरेगा पटल का निरीक्षण करते हुए डीएम ने एपीओ से योजनांतर्गत चल रहे कार्यों को देखा, जहां पर सीमांत व एमडीएम शेड, खेल मैदान, बाउंड्रीवाल, शूल खुदाई के कार्य संचालित होने की जानकारी ली। कार्य विभाजन में लापरवाही बरते जाने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए कार्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में जानकारी हासिल की। बताया गया कि मुख्यमंत्री आवासों का विभिन्न ग्राम पंचायतों में किस प्रकार आवंटन किया गया है। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने सहायक विकास अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करते हुए सहायक विकास अधिकारी पंचायत से उनके स्टॉफ की जानकारी ली। डीएम ने विकासखंड परिसर में बने आवासीय भवन, शौचालय का निरीक्षण किया। इस मौके पर डीएम ने कहा कि पुस्तकालय के लिए जल्द जगह चिह्नित करते हुए पुस्तकालय का निर्माण कराया जाए। आवासीय भवनों को जल्द से जल्द जर्जर घोषित कर भवनों को गिरवाकर उनके स्थान पर नये भवन का निर्माण कार्य कराया जा सके साथ ही मीटिंग हाल में विद्युत की व्यवस्था एवं अच्छे शौचालय एवं साफ-सफाई के लिए निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि चरखारी विकासखंड को आईएसओ स्टैंर्डड का विकासखंड बनाया जाना है, जिसके लिए उन्होंने आगंतुकों को बैठने के लिए वेटिंग रूम और फिक्स चेयर की व्यवस्था आदि करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्थापना निधि से कराए जा रहे कार्यों को 15 मार्च से पहले पूर्ण कर लिया जाए। डीएम ने कार्य विभाजन में लापरवाही पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए साथ ही 15वें वित्त से कराए जा रहे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराए जाने को कहा। उन्होंने कहा कि ब्लॉक परिसर में सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। निरीक्षण के दौरान उपस्थित बीडीओ चरखारी ने डीएम के निर्देशानुसार कार्य कराते हुए विकासखंड को विकसित किए जाने का आश्वासन दिया गया।

# एएसपी ने लंबित मुकदमों की समीक्षा कर जिम्मेदारों को दिए दिशा-निर्देश

कार्यालय संवाददाता, महोबा



बैठक में निर्देश देतीं एएसपी। अमृत विचार

- कोतवाली कुलपहाड़ क्षेत्र का भ्रमण कर एएसपी ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अमृत विचार।** अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह की अध्यक्षता में कोतवाली कुलपहाड़ के अर्दली रूम में एक बैठक संपन्न हई। बैठक में एसएसपी ने साइबर जागरूकता अभियान एवं मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत जन-जागरूकता कार्यक्रमों को और अधिक प्रभावी व व्यापक रूप से संचालित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने पुलिसकर्मियों की विवेचनाओं, लंबित मुकदमों, फाइलों, अनुशासन और कार्यप्रणाली की समीक्षा कर व्यवस्थाओं को बेहतर किए जाने पर जोर दिया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण की प्रगति का विस्तृत अवलोकन करते हुए समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए स्पष्ट निर्देश प्रदान किए। उन्होंने निर्देशित किया कि विवेचनाओं में अनावश्यक विलंब न हो और पारदर्शिता, साक्ष्य संकलन की गुणवत्ता एवं न्यायसंगत कार्रवाई को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। इसके अतिरिक्त यक्ष एप पर समस्त सूचनाओं का समयबद्ध अद्यतन, ई सम्मन प्रणाली के माध्यम से शत-प्रतिशत डिजिटल तामील, आईआरएआईसी एप से अपराधियों की नियमित चेकिंग व एसआईडी पोर्टल पर साक्ष्य एवं केस डायरी का समय से डिजिटल अपलोड सुनिश्चित कर पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने थाना कुलपहाड़ क्षेत्र के प्रमुख कस्बों, बाजारों, चौराहों एवं मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील स्थलों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान आमजन से संवाद स्थापित कर कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई और प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड़ को नियमित संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग, प्रभावी पैदल एवं रात्रि गश्त सुनिश्चित करने को कहा।

# अधर्म बढ़ने पर भगवान लेते अवतार

संवाददाता, अजनर



कथा सुनातीं कथावाचिका। अमृत विचार

- आरी गांव के राम जानकी मंदिर में राम कथा

**अमृत विचार।** आरी गांव के नायक मुहाल स्थित राम जानकी मंदिर में श्रीराम जानकी की प्राण प्रतिष्ठा, श्री राम महायज्ञ, अष्टादश पुराण रामकथा एवं रामदरबार प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर आयोजित रामकथा का कथा वाचिका राधारानी ने भक्तों को रसपान कराते हुए राम जन्म प्रसंग का भावपूर्ण व्याख्यान किया। कथा वाचिका ने पृथ्वी में अधर्मियों के पापों से मनुष्य को छुटकारा दिलाने के लिए भगवान के अवतार की भी व्याख्या की, जिसे सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए।

वृंदावन से पधारी कथा वाचिका ने श्रीराम जन्मोत्सव की कथा का वर्णन करते हुए कहा कि अयोध्या नरेश राजा दशरथ द्वारा पुत्रेष्ठी यज्ञ करवाने के बाद विष्णु भगवान प्रकट हुए और उन्होंने माता कौशल्या को चतुर्भुजी रूप दिखाकर बताया कि वे शीघ्र ही आपके गर्भ से मनुष्य अवतार लेकर आएंगे। पुत्रेष्ठी यज्ञ का प्रसाद ग्रहण करने के बाद माता कौशल्या को राम, सुमित्रा को लक्ष्मण तथा कैकई को भरत और शत्रुघ्न पैदा हुए। पूरी अयोध्या को सजाकर खुशियां मनाई गई और घर घर दीपक जलाए गए। कथा वाचिका ने कहा कि पृथ्वी पर जब जब असुरों का अत्याचार बढ़ा, तब-तब ईश्वर ने किसी न किसी रूप में अवतार लेकर असुरों का संहार किया। वृंदावन की कथा वाचिका ने कहा कि जब धरा पर धर्म के स्थान पर अधर्म बढ़ने लगता है, तब धर्म की स्थापना के लिए ईश्वर को आना पड़ता है। भगवान राम ने भी पृथ्वी लोक पर आकर धर्म की स्थापना की और लोगों का कल्याण किया। कथा दौरान भगवान के अवतार और धर्म स्थापना की बात आई, श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे और उनके लगाए गए। इस धार्मिक आयोजन में आरी, लडपुरा, जटेवरा, देवथा और ललौनी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य भोलानाथ मोहले, यज्ञ संचालक पंडित प्रेमनारायण चौबे और मुख्य यजमान सरोज एवं महेंद्र नायक की विशेष भूमिका रही।

# संत कबीर आश्रम में आयोजित हुआ सत्संग

कार्यालय संवाददाता, महोबा



भजन प्रस्तुत करते कबीरी भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संत कबीर आश्रम में प्रत्येक रविवार की भांति इस बार भी संत कबीर अमृतवाणी सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने धनवान मनुष्य को अपनी कमाई से गरीबों और निराश्रितों को दान कर और गरीब बच्चों को शिक्षित कर पुन्य अर्जित करने की सीख दी।

सत्संग की शुरुआत कबीर वंदना से की गई, इसके बाद समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने गरीबों, अपाहिजों की सेवा करने, धनवानों से गरीब की मदद और बच्चों को शिक्षित कराने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिनकी सेवा करें उनसे विनम्रता भरे मीठे बोल भी बोलें।

जैसा कि कबीर ने कहा है कि ऐसी वाणी बोलिए मन का आपा खोए औरन को शीतल करे आपहु शीतल होए। इस दौरान पंडित आशाराम तिवारी, वरिष्ठ कवि हरिश्चंद्र वर्मा, पंडित हरीशंकर नायक, पंडित जगदीश रिछारिया, परमलाल विश्वकर्मा, अवधेश अवस्थी, कामता प्रसाद चौरसिया ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर लखनलाल चौरसिया, चंदन, रामऔतर सेन, लखनलाल, पप्पू सेन आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पवई विकास खण्ड गोहाण्ड. (हमीरपुर)

पत्रांक :– मेमो / विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक:–21–02–2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग, एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत **ग्राम पंचायत पवई** में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते है जो **दिनांक 01–03–2026** को अपरान्ह 3: 00 बजे तक **ग्राम पंचायत पवई** के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3: 30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा कार्यालय दिवस में **दिनांक 23–02–2026** से **दिनांक 01–03–2026** तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत /सामग्री | धरोहर धनराशि 2% | निविदा का मूल्य + टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मनरेगा | मेनरोड से खूबचन्द्र के खेत तक सर्वत्रुति सम्पर्क मार्ग | 708608.2 लाख रू0 | 14172 रु0 | (500)+ (90) रू0 | 01 माह |

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नही होगी।
3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें।
5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा कि स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी।
6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

ग्राम पंचायत /विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पवई, विकास खण्ड-गोहाण्ड (हमीरपुर)



## कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दवारी डाण्डा विकास खण्ड गोहाण्ड. (हमीरपुर)

पत्रांक :– मेमो / विज्ञप्ति/2025–26 दिनांक:–21–02–2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्यपाल महोदय की ओर से लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा एवं लघु सिंचाई विभाग, एवं जी0एस0टी0 विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग/मनरेगा योजना के अन्तर्गत **ग्राम पंचायत चन्दवारी डाण्डा** में निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किये जाते है जो दिनांक 28–02–2026 को अपरान्ह 3: 00 बजे तक **ग्राम पंचायत चन्दवारी डाण्डा** के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 3: 30 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा कार्यालय दिवस में दिनांक 22–02–2026 से दिनांक 28–02–2026 तक कार्यालय में प्राप्त किये जायेंगे। बिना कारण बतायें किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। कार्यालय अवधि में कार्य का सम्पूर्ण विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | योजना का नाम | कार्य का नाम | स्वीकृत लागत /सामग्री | धरोहर धनराशि 2% | निविदा का मूल्य + टी0टी0 | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | मनरेगा | दयाशंकर पुत्र राम सिंह का गोट शेड (बकरी आश्रय) निर्माण | 123275.17 लाख रू0 | 2465 रु0 | (225)+ (41) रू0 | 03 माह |

1. सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य नही होगी।
3. सामग्री की मांग आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
4. आपूर्तिकर्ता टेन्डर डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें।
5. रायल्टी सम्बन्धी प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा, अन्यथा कि स्थिति में नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से काट ली जायेगी।
6. कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जायेगा।

ग्राम पंचायत /विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत चन्दचवारी डाण्डा, विकास खण्ड-गोहाण्ड (हमीरपुर)


कार्यक्रम — राजकीय वीरभूमि डिग्री कालेज में हुआ मेगा विधिक सेवा शिविर

# स्टाल लगाकर 600 पात्रों को किया लाभांवित

कार्यालय संवाददाता, महोबा



लाभार्थी को चेक वितरित करते जिला जज। अमृत विचार

**अमृत विचार।** न्याय विभाग के तत्वावधान में राजकीय वीरभूमि डिग्री कालेज में रविवार को एक विशाल मेगा विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्घाटन जनपद न्यायाधीश रामनगीना यादव ने किया। शिविर में 44 विभागों ने स्टॉल लगाकर 600 से अधिक लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं और कानूनी अधिकारों की जानकारी देकर लाभ प्रदान किया, जिससे लोग कानूनी अधिकारों के बारे जागरूक हो सकें।

शिविर के मौके पर जनपद न्यायाधीश राम नगीना यादव ने बताया कि मेगा बृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का उद्देश्य निर्बल वर्ग, दिव्यांग बच्चों, महिलाओं, पुरुषों, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना है। शिविर में केनोपी, स्टाल के माध्यम से सभी विभागों द्वारा आमजन मानस को सरकार की चलाई जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराया जाएगा। मेगा शिविर के लिए गठित प्रशासनिक कमेटी की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार व नोडल अधिकारी के रूप में अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुखवीर सिंह व सदस्य के रूप में विभिन्न प्रशासनिक विभागों के पदाधिकारी रहेंगे। जिला जज ने पात्र लोगों को आर्थिक सहायता के चेक, टूल किट और ट्राई साइकिल वितरित की, जिससे वे स्वावलंबी बन सकें। मुख्य विकास अधिकारी बलराम ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने आयुष्मान कार्ड, मनरेगा के तहत जॉब कार्ड और विभिन्न पेंशन योजनाओं के प्रमाणपत्र मौके पर ही वितरित किए, इसके अतिरिक्त, युवा उद्यमी योजना और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक मदद के चेक भी प्रदान की गई। शिविर स्थल पर जिला जज सहित उपस्थित अधिकारियों ने पौधरोपण करते हुए स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया।

# रमजान में फल और पिंडखजूर की कीमतें बढ़ी

**महोबा।** रमजान की शुरुआत होते ही जहां बाजार में एक तरफ चहल पहल बढ़ गई, वहीं फलों, पिंडखजूर के दाम आसमान पर पहुंच गए हैं। जिससे बाजार में अब फल डेढ़ गुना कीमतों पर बिक रहा है। बावजूद इसके रोजेदार फलों की जमकर खरीददारी कर रहे हैं।

एक माह तक चलने वाले रमजान में रोजेदार सबसे ज्यादा फलों का सेवन करते हैं। पानी अधिक पीने के कारण भूख का अहसास नहीं होता है, जिससे लोग फलों से काम चलाते हैं, यही वजह है कि शाम होते ही शहर के चौराहों और चार पहिए ठेलियों में विक्रेता फल सजा लेते हैं, जबकि बाजार में सब्जी मंडी चौराहा पर सबसे ज्यादा फलों की दुकानें और ठेलियां लगती हैं, इससे लोग भारी संख्या में फल खरीदने के लिए पहुंचते हैं। सेब, केला, पपीता, अनार, अंगूर रोजे शुरू होने के बाद डेढ़ गुना कीमत पर बिकने लगे हैं। सालों से पिंडखजूर खाकर रोजा खोले जाने की चली आ रही पुरानी परम्परा आज भी कायम है। रोजेदार पिंडखजूर से रोजा इफ्तिर करते हैं, इसके बाद नीबू, शर्बत पीने के बाद फल का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन इस समय मौसम ठंडा होने के कारण कुछ रोजेदार इससे परहेज भी कर रहे हैं। रोजेदारों को ताकत का अहसास कराने वाले पिंडखजूर का ज्यादा सेवन करते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### अलग-अलग मामलों में तीन वारंटी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** रैपुरा थाने के एसआई जटाशंकर शुक्ला ने वारंटी रामधनी और अवधेश पुत्र बड़कू पाल को गड़रियनपुरवा मजरा बगरेही को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के एसआई राजेश कुमार ने वारंटी अंकुर को गिरफ्तार किया।

### चार आरोपियों से अवैध शराब बरामद

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाने के एसआई गौरव तिवारी ने शिवबरन यादव को 21 अदद देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। रैपुरा थाने के एसआई करन सिंह ने छोटेलाल को 19 अदद देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। पहाड़ी थाने के एसआई योगेंद्र बहादुर ने करन को 18 अदद देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। बरगढ़ थाने के एसआई अमरेश चंद्र ने सोनू खां को 15 अदद देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

### पुलिस ने शांतिभंग में की कार्रवाई

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा निवासी रमेश कुमार ने पुलिस को बताया कि सहाव गांव निवासी उनके रिश्तेदार सुबोध के साथ उनका रुपयों का लेन देन था। रुपयों के लेन देन को लेकर वह अक्सर विवाद करते रहते हैं। उनके रुपये वापस नहीं कर रहे हैं। रविवार की सुबह जब उसने गांव जाकर सुबोध से रुपये मांगे तो वह जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पुलिस ने शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### सीओ ने की विवेचकों के कामों की समीक्षा

**राजापुर।** क्षेत्राधिकारी राजकमल ने शनिवार को थाने के सभी विवेचकों के कामों की समीक्षा की। सीओ ने चोरी, नकबजनी, टप्पेबाजी की घटनाओं के अनावरण के निर्देश दिए।

### काली पट्टी बांधकर काम करेंगे शिक्षक

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बताया कि 27 जुलाई 11 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य करने और केंद्र सरकार की कथित चुप्पी के खिलाफ पूरे देश में शिक्षकों ने एक्स पर हैशटैग अभियान चलाया। अखिलेश ने बताया कि आरटी अधिनियम प्रदेश में 27 जुलाई 2011 से लागू हुआ। कोई भी अधिनियम लागू होने की तिथि से ही प्रभावी होता है पर 27 जुलाई 2011 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य कर दिया गया। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के आवाह्न पर 23 फरवरी से 25 फरवरी तक शिक्षक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य, बोर्ड परीक्षा ड्यूटी और एसआईआर का काम करेंगे। 26 को पुरानी कोतवाली के सामने धरना देते हुए प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपेंगे।

### सरकारी वाहन को डंपर ने मारी टक्कर

**मऊ।** मऊ बस अड्डे के चौराहे में खड़े एक सरकारी वाहन को अनियंत्रित डंपर ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। हालांकि वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीओ फहद अली ने बताया कि संबंधित चालक की तलाश की जा रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि गाड़ी किस विभाग से संबंधित थी। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और स्थानीय स्तर पर पूछताछ करने में जुटी है। प्रशासन ने कहा है कि मामले की जांच जारी है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# लखनऊ से हनुमानगंज तक रोडवेज बस सेवा शुरू

- परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने दिखाई हरी झंडी

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल की पहल पर लखनऊ से हनुमानगंज गांव के लिए रोडवेज बस सेवा शुरू हुई है। इससे दर्जनों गांव-मजरों के लोगों को लाभ मिलेगा। लंबे समय से ग्रामीण इस रूट पर बस सेवा की मांग करते रहे हैं।

लखनऊ से बस सेवा की शुरुआत कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने हरी झंडी दिखाकर किया। रोडवेज की यह बस लखनऊ से चलकर जिले के गांव हनुमानगंज तक आएगी। हनुमानगंज से लालता रोड, राजापुर, धाता, सिराथू, बछरांवा और रायबरेली होकर बस लखनऊ पहुंचेगी। इस बस के संचालन से हनुमानगंज से लेकर राजापुर के बीच चकवा, खंडेहा, लालतारोड, बरिया, करही, रेरूवा, छीबों, पियरिया, सिकरी, अवान, भंभेट का पुरवा और राजापुर के हजारों लोग लाभांन्वित होंगे। रोडवेज बस की मांग क्षेत्रीय लोग कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल से कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री के प्रयास से ही परिवहन विभाग ने लखनऊ से हनुमानगंज तक बस चलाने की स्वीकृति प्रदान की। शुक्रवार को लखनऊ में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल और परिवहन मंत्री ने इस बस को हरी झंडी दिखाई। बस सेवा शुरू होने पर क्षेत्रीय ग्रामीण बेहद खुश हैं। ग्रामीणों नें मंत्री आशीष पटेल और परिवहन विभाग के प्रति आभार जताया। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि बस सेवा शुरू होने को लेकर दर्जनों गांवों में खुशी की लहर है।


रोडवेज बस को हरी झंडी दिखाते कैबिनेट मंत्री दयाशंकर सिंह और आशीष पटेल।

### अन्य जगहों पर भी बसों की उठी मांग

- हनुमानगंज मंत्री आशीष पटेल का पैतृक गांव है। यहां से बस चलने पर लोगों ने मंत्री का आभार जताया। यह बस तुलसीतीर्थ राजापुर से भी होकर जाएगी। लोगों ने मंत्री से अनुरोध किया कि राजापुर में स्थायी बस अड्डे और नियमित बसों के संचालन का भी प्रयास करें। उन अन्य जगहों पर भी रोडवेज बसें चलवाएं, जहां पर निजी बसों की मारामारी की वजह से लोगों का शोषण होता है।

### यह रहेगा बस का समय

- जानकारी के मुताबिक, बस आलमबाग लखनऊ से सुबह साढ़े आठ बजे प्रस्थान करेगी। हनुमानगंज अपराह्न सवा दो बजे पहुंचेगी। यहां से शाम साढ़े तीन बजे लखनऊ के लिए रवाना होगी। रात सवा नौ बजे लखनऊ पहुंचेगी। पूरा रूट लगभग 234 किमी का है।

# सहकारिता से आर्थिक विकास संभव

- दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का रविवार को समापन हुआ। भारत में सहकारिता का विकास, भविष्य की संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने सहकारिता को आर्थिक आत्मनिर्भरता और सामाजिक विकास का सशक्त माध्यम बताया।

समापन सत्र की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. शशिकांत पांडेय ने कहा कि सहकारिता का मूल उद्देश्य आर्थिक शक्ति के केंद्रीकरण को रोकना, संसाधनों का न्यायपूर्ण वितरण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय सहकारी संघों के माध्यम से सहकारिता आंदोलन को नई दिशा मिल रही है। पंचायती राज विशेषज्ञ डॉ. ओंकारनाथ मिश्र ने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक समानता और आत्मनिर्भरता का माध्यम है। डॉ. मुकेश कुमार ने कहा कि सहकारिता से छोटे उद्योगों को बढ़ावा मिल सकता है। डॉ. जयप्रकाश सिंह ने सहकारिता में महिलाओं की भागीदारी को आवश्यक बताया। कहा कि महिलाओं की सक्रिय भूमिका से ही देश में गरीबी और बेरोजगारी की समस्या का समाधान संभव है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार पाल ने बताया कि संगोष्ठी में देशभर से आए विद्वानों, शोधार्थियों और छात्रों द्वारा ऑफलाइन व ऑनलाइन माध्यम से 70 से अधिक शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। इनके निष्कर्ष को रिपोर्ट के रूप में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद को भेजा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जंगबहादुर एवं डा. सीमा कुमारी ने किया।



संगोष्ठी में विचार रखते विद्वान। अमृत विचार

# जेसीबी की टक्कर से प्रधान प्रतिनिधि की मौत

## परिजनों और ग्रामीणों ने जताई साजिश की आशंका

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पाही गांव में शनिवार सुबह नाली खुदाई के काम की निगरानी कर रहे कालूपुर-पाही के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद सलीम की जेसीबी की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों और ग्रामीणों ने मामले में साजिश की आशंका जताई है।

जानकारी के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे मुस्लिमपुरवा में नाली खुदाई का काम चल रहा था। किराये पर लाई गई जेसीबी मिट्टी खोदकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भर रही थी। बताते हैं कि मो. सलीम (66) निवासी कालूपुर पाही वहां खड़े होकर काम की निगरानी कर रहे थे। तभी मशीन के निचले हिस्से से अचानक जोरदार टक्कर लगने से सलीम ट्राली से टकराकर नीचे गिर पड़े और दब गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्हें संभलने तक का मौका नहीं मिला। आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया और मशीन रुकवाई। लोगों ने पुलिस की मदद से सलीम को जिला अस्पताल भेजा, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक भागने की कोशिश कर रहा था लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने जेसीबी को कोतवाली में खड़ा करा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी श्यामप्रताप पटेल ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


कोतवाली में खड़ी कराई गई जेसीबी।

### परिजनों ने उठाए गंभीर सवाल

मृतक के पुत्र मोहम्मद अहमद उर्फ कल्लू ने आरोप लगाया कि जिस जेसीबी से हादसा हुआ, उसके पास न बीमा है और न ही वैध कागजात। दावा किया कि मशीन प्रयागराज रोड निवासी एक व्यक्ति की है और उसका राजनीतिक रसूख है।


मो. सलीम।

### ग्रामीणों में गुस्सा, साजिश की चर्चा

- घटना के बाद गांव में आक्रोश फैल गया। कई ग्रामीणों ने आशंका जताई कि टक्कर सामान्य हादसा नहीं लगती और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की गहराई से जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

### ट्रैक्टर के नीचे दब कर चालक की मौत

**जालौन।** मिट्टी भराई के काम में लगे ट्रैक्टर चालक की पहिए के नीचे आने से मृत्यु हो गई। मौके पर मौजूद लोग उन्हें मेडिकल कॉलेज उरई ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। भतीजे ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी है।

कोतवाली क्षेत्र के नया पटेल नगर उरई निवासी ज्ञानेंद्र उर्फ चंगे ने पुलिस को बताया कि उसके चाचा राजेश कुमार उनके मकान में ही रहते हैं और वह ट्रैक्टर चलाने का काम करते हैं। शनिवार की रात करीब नौ बजे चाचा के पास एक व्यक्ति का फोन आया और उन्हें ट्रैक्टर चलाने के लिए बुला लिया। इसके बाद रात करीब दो बजे उसके पास किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर बताया कि उसके चाचा शहजादपुरा और कुकरगांव के बीच मिट्टी भराई का काम कर रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे आने से उनकी मृत्यु हो गई। सूचना मिलते ही वह तत्काल मौके पर पहंचे जहां उन्होंने देखा कि ट्रैक्टर ट्रॉली का पहिया चाचा पर चढ़ा था। तभी सात आठ लोगों ने उन्हें वहां से निकाला और मेडिकल कॉलेज उरई ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया।


आरोग्यधाम में प्लास्टिक सर्जरी करते चिकित्सक। अमृत विचार

# आरोग्यधाम में कटे-फटे होंठ की हो रही प्लास्टिक सर्जरी

- इंग्लैंड के सर्जन गरीब मरीजों को प्रदान कर रहे सेवा

संवाददाता, सीतापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** दीनदयाल शोध संस्थान के आरोग्यधाम परिसर में कटे-फटे होंठ, तालू एवं बर्न केसों की सर्जरी के लिए शिविर लगा है। इसमें इंग्लैंड के प्लास्टिक सर्जन अपनी सेवाएं दे रहे हैं। शिविर 23 फरवरी तक चलेगा।

बताया गया कि दीनदयाल शोध संस्थान की अपील पर उत्तरप्रदेश एवं मध्यप्रदेश के आसपास के 101 ग्रामीणों ने पीड़ित बच्चों एवं युवाओं का आरोग्य धाम में पंजीयन कराया गया। इसमें से अभी 21 मरीजों को चिकित्सा सेवा प्रदान की जा रही है। आरोग्यधाम दंत चिकित्सा विभाग के प्रभारी डॉ. वरुण गुप्ता ने बताया कि वरिष्ठ सर्जनों की टीम के सहयोग से इस वर्ष भी प्लास्टिक सर्जरी शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में कटे-फटे होंठ, तालू, बर्न एवं हाइपोस्पेडिया के मरीजों की प्लास्टिक सर्जरी वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जनों द्वारा की जा रही है। मरीजों के लिए पंजीयन से लेकर संपूर्ण उपचार एवं डिस्चार्ज तक सारी व्यवस्थाएं पूर्णतः निःशुल्क हैं। इंग्लैंड से आए डा. नरेश शर्मा ने बताया कि जन्मजात दोषों, चोटों या बीमारियों से कटी फटी क्षतिग्रस्त त्वचा को ठीक किया जा रहा है, जिससे अंगों के कार्यप्रणाली को बहाल किया जा सके और मरीज के आत्मविश्वास को बढ़ाया जा सके।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**कालपी जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हीरापुर निवासी युवक सन्दीप उम्र 18 वर्ष अपने ताऊ के लड़के नीरज उम्र 7 वर्ष तथा अन्य रिश्तेदार लेखराज लगभग 16 वर्ष के साथ बाइक पर सवार होकर घर से चौरासी गुम्बद के पास रहने वाले अपने रिश्तेदारों के साथ आए हुए थे। वहां से लगभग साढ़े बारह बजे वापस घर आ रहे थे। लेकिन जैसे ही वे हाईवे स्थित पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान के आवास के सामने से गुजर रहे थे तभी कानपुर की तरफ से आ रहा लोडर भी कट से उल्टी दिशा में आ गया, जिससे बाइक और लोडर आमने-सामने टकरा गये। टक्कर के चलते बाइक सवार उछलकर सड़क गिर गये। मौके पर मौजूद लोग जब तक उन्हें उठाते तब तक नीरज निषाद की मौत हो चुकी थी। वहीं लेखराज को भी गम्भीर चोटे आई है, जबकि सन्दीप को मामूली चोटें आई हैं। वहीं दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और हाईवे की टीम ने मृतक तथा घायलों को सीएचसी मे भेजा। इनमें से गम्भीर रूप से घायल को रेफर कर दिया गया। वहीं नीज के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया।



शिविर में बोलते प्रो. विनोद शंकर सिंह। अमृत विचार

### एनएसएस के सात दिवसीय शिविर की हुई शुरुआत

**चित्रकूट।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर की रविवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय कुशवाहा बस्ती में शुरुआत हुई। शिविर 28 फरवरी तक चलेगा। सेवानिवृत्त प्रोफेसर विनोद शंकर सिंह ने कहा कि एनएसएस युवाओं में सेवा, अनुशासन और राष्ट्र भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा और अनुशासन को जीवन में उतारने का आह्वान किया। कार्यक्रम समन्वयक डा. आनंद कुमार एवं कार्यक्रम अधिकारियों ने बताया कि शिविर के दौरान स्वयंसेवक योग, स्वच्छता अभियान, जनजागरूकता रैली और गांवों में सर्वे करेंगे। उद्घाटन के बाद स्वयंसेवकों ने स्वच्छ ग्राम स्वस्थ ग्राम रैली निकालकर लोगों को सफाई के प्रति जागरूक किया। इस दौरान डा. संजय कुमार नायक, एसपी मिश्रा, भविष्या माथुर आदि मौजूद रहीं।

# त्योहारों में सामाजिक सौहार्द बनाए रखें

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** थाना के सभागार में पीस कमेटी में बैठक में अधिकारियों ने लोगों से त्योहारों में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

क्षेत्राधिकारी राजापुर राजकमल ने कहा कि राजापुर, पहाड़ी, सरधुवा और रैपुरा के थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है कि वे शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखें। होलिका दहन स्थलों पर विशेष पुलिस बल तैनात किया जाएगा कोई भी व्यक्ति त्योहार पर उपद्रव करते हुए पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शराब पीने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, जो शराब ले जाते और पीते हुए पाया जाएगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा। प्रभारी निरीक्षक लाखन सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत 85 स्थानों में होलिका दहन किया जाएगा। हल्का इंचार्ज व बीट सिपाहियों को तैनात किया जाएगा। प्रभारी टीम के साथ भ्रमणशील रहेंगे। दोनों समुदायों से अपील की कि त्योहार आपसी भाईचारे से मनाएं। मुस्लिम समाज के नूरी खान ने कहा कि दोनों समाज आज तक आपसी भाईचारा के साथ रहना सीखा है। राजापुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत आपसी भाईचारा की एक मिसाल देखने को मिलती है। शंकर दयाल जायसवाल ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरित मानस में समतामूलक समाज की स्थापना करने के लिए लिखा है। इस दौरान उप निरीक्षक अनिल सिंह, सभासद चमन रैकवार, अशोक द्विवेदी, राकेश नामदेव, विकास जायसवाल आदि रहे।


पीस कमेटी की बैठक में बोलते सीओ राजकमल। अमृत विचार

### चार दिन बाद भी जांच टीमों के हाथ खाली

**उरई जालौन।** जिला मुख्यालय पर हुए डकैती कांड में चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस अहम सुरागों से कोसों दूर है। वारदात वाली रात घटनास्थल और उसके आसपास मिले कुछ सुरागों के आधार पर ही पुलिस बदमाशों तक पहुंचने का रास्ता तैयार कर रही है, लेकिन अभी तक उसे कोई कामयाबी हासिल नहीं हुई है। वहीं पुलिस को कुछ ऐसे सुबूत मिले हैं, जिससे माना जा रहा है कि बदमाशों का गैंग किसी दूसरे जनपद का हो। इस कारण पुलिस दूसरे जिलों में भी दौड़ भाग कर रही है। गौरतलब है कि विगत बुधवार की रात सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुशील नगर निवासी फौजी सुरजीत सिंह के घर में आठ चोरों ने घुस कर पत्नी पिंकी, पुत्र साहिल, पुत्री ज्योति को बेरहमी से मारपीट कर बड़ी लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना के खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गई हैं, लेकिन कोई सफलता हासिल नहीं हुई।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम विटान देवी VITAN DEVI दर्ज है। जो कि शुद्ध व सही है। जब कि मिनी शीट रोल में मेरा गलत नाम बिटान देवी BITAN DEVI दर्ज हो गया। मेरा शुद्ध व सही नाम विटान देवी VITAN DEVI ही माना जाए। **विटान देवी पत्नी अनुरुद्ध सिंह निवासी-ग्राम बलेथा, कोढ़वा, तहसील मैथा, जिला- कानपुर देहात।**

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा सही नाम यशवर्धन शिवहरे है। मेरे ड्राईविंग लाइसेंस में यशवर्धन है। यशवर्धन शिवहरे और यशवर्धन दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति के हैं। मुझे यश वर्धन शिवहरे के नाम से जाना जाए। **यशवर्धन शिवहरे पुत्र नरेंद्र कुमार निवासी- मियांपुरा, राठ (हमीरपुर) उप्र**

**सूचना**
पहले मेरा नाम SAHADAT HUSAIN था अब मैने बदलकर अपना नाम SAHADAT HUSSAIN रख लिया है भविष्य में मुझे SAHADAT HUSSAIN के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O-ALI HUSSAIN R/O- MOHALLA THOK POST- MISRIKH, SITAPUR

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि में NAFEES AHMAD NADWI से अपना नाम बदलकर NAFEES AHMAD रख लिया हैं अब मैं मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना हुआ पहचाना जाए। S/O RAHEEM BAKHS निवासी बख्स बसवारी औरनी कौसम्बी का रहने वाला हूॅ।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **कमाल अहमद पुत्र स्व. अली अहमद निवासी मोहल्ला हैदरगंज कस्बा मौदहा जिला हमीरपुर** अपने पुत्र इम्तियाज़ अहमद पुत्रवधु शमा बानो से उनके झगड़ालू स्वभाव और अनैतिक कार्यो से अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करता हूँ। इनके द्वारा किए गए नैतिक या अनैतिक कार्यों व लेनदेन के यह दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे, मेरा या मेरे संबंधियों का कोई इनसे संबंध नहीं होगा।

**सूचना**
मैं **रामसहेली पत्नी रामजीवन, निवासी– 19 बाजार टोला बेनीगंज देहात जिला हरदोई,** मेरे पैन कार्ड जिसका नं0 JFSPS5386K में सावित्री अंकित है। जोकि गलत है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रामसहेली अंकित है। जोकि सही है। अतः मेरे उक्त पैन कार्ड में आधार कार्ड के अनुसार रामसहेली नाम अंकित किया जाए। रामसहेली व सावित्री एक ही महिला के नाम है तथा दोनों नाम मेरे ही है।

## अच्छी बात

### स्वच्छ जल, स्वच्छ मन कार्यक्रम के तहतनिरंकारी सेवादल ने किया आयोजन

# माहिल तालाब पर चला सफाई अभियान

संवाददाता उरई जालौन

**अमृत विचार।** सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आदेशानुसार सतगुरु बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित पूरे भारत वर्ष में जल स्रोतों की सफाई का अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते उरई के माहिल तालाब परिसर पर सफाई अभियान चलाया गया।

संत निरंकारी मिशन की शाखा उरई के मुखी राजीव महेंद्रू तथा सेवादल के शिक्षक त्रिभुवन नाथ के निर्देशन में सेवादल तथा संगत के भाई बहनों द्वारा माहिल तालाब परिसर पर सफाई अभियान चलाया गया। इस सफाई अभियान में लगभग 250 भाई बहनों ने भाग लिया। यहां पर सभी ने मिलकर तालाब के आसपास गहन साफ सफाई अभियान चलाया और वहां पर मौजूद गंदगी को साफ कर तालाब परिसर को बिल्कुल स्वच्छ कर दिया। सफाई अभियान के बाद वहां पर सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में सैकड़ों लोगों ने भाग लिया। सत्संग कार्यक्रम संतराम जिलेदार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इन्होंने कहा कि सतगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज का कहना था कि प्रदूषण अंदर हो या बाहर दोनों हानिकारक होता है इसलिये प्रदूषण को हमेशा तत्काल साफ कर देना चाहिये। इस मौके पर डॉ सी पी सिंह ,अजय ,सुकरन मोना ,प्रियंका ,कंचन , खुशी , आदि महापुरुषों ने अपने विचार रखे अंत में मुखी राजीव महेंद्रू ने सभी का आभार व्यक्त किया।


सफाई अभियान के तहत सफाई करती महिलायें। अमृत विचार

# प्रशासन ने 17 ट्रक किये सीज, हड़कंप

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** बालू के अवैध परिवहन के खिलाफ प्रशासन का अभियान जारी है। टीम द्वाराअलग अलग थाना क्षेत्रों में की गई चेकिंग में 17 ट्रक बिना रायल्टी के मिले, जिन्हें सीज कर दिया गया है।

शुक्रवार रात एसडीएम मनोज कुमार सिंह, सीओ द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर आठ बिना खनिज प्रपत्रों के ट्रक पकड़े थे, जिससे लगा था कि अब बालू के अवैध परिवहन पर लगाम लग जाएगी लेकिन ऐसा सोचना गलत साबित हुआ और एसडीएम, सी ओ तथा खनिज अधिकारी द्वारा शनिवार रात भी कदौरा थाना क्षेत्र के साथ कालपी कोतवाली क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया गया था। आकस्मिक रूप से आधी रात को चलाए गए अभियान में 17 ऐसे बालू भरे ट्रक पकड़ में आए हैं जिनके पास खनिज पदार्थ प्रपत्र नहीं थे। एसडीएम मनोज कुमार सिंह के अनुसार सभी ट्रकों को सीजकर पुलिस के सुपुर्द किया गया है।

### अभियान के दौरान 4 ट्रक बालू फेंककर भागे

मालूम हो कि शनिवार रात को एस डी एम मनोज कुमार सिंह अपनी टीम के साथ जोल्हूपुर के पास मौजूद थे जिसकी भनक बालू का अवैध परिवहन करने वाले ट्रक संचालकों को लग गयी थी और उन्होंने ट्रकों की बालू सड़क पर ही फेंककर भाग निकले थे, जिसे प्रशासन ने कब्जे में लेकर जोल्हूपुर में बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान चला रहे दुकानदार के सुपुर्द किया है।

